



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14, अंक - 43 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 26 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### भारत-पाक बॉर्डर पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, फायरिंग के बाद भागे संदिग्ध

**पठानकोट।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर शुक्रवार देर रात घुसपैठ की कोशिश को बीएसएप के जवानों ने नाकाम कर दिया है। यहां के पठानकोट में घुसपैठ कर रहे दो संदिग्धों को जवानों ने फायरिंग कर खदेड़ दिया है। यहीं नहीं जवानों ने अमृतसर में दो जगह ड्रोन दिखाई दिए जिनमें से एक ड्रोन को बीएसएफ ने मार गिराया है।

मिली जानकारी के अनुसार पठानकोठ सीमा पर बीएसएफ की 121 बटालियन द्वारा रात सीमा चौकी फ़ईपुर के सामने पाकिस्तान की जलाला चौकी के पास घुसपैठिए दिखाई दिए। बीएसएफ के जवानों की फायरिंग के बाद घुसपैठिए पाकिस्तान की सीमा की ओर भाग गए। इधर अमृतसर की सीमा चौकी दाओक में देर रात करीब ड्रोन दिखाई दिया, जिसे बीएसएफ जवानों ने मार गिराया। इसके अलावा अमृतसर की ही पंजग्राई सीमा चौकी में भी रात को ड्रोन की एक्टिविटी दिखाई दी, जिस पर जवानों ने फायरिंग तो ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया।

### छत्तीसगढ़ में कलेक्टर के कार और संपत्ति कुर्की वारंट जारी, मचा हड़कंप

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में अनोखा मामला सामने आया है। यहां कलेक्टर के कार और अन्य संपत्ति की कुर्की का वारंट कोर्ट ने जारी कर दिया है। जिसके बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। दरअसल यह पूरा मामला 2007 का है। एक जनरल स्टोर से 1 लाख 7 हजार की सामान कलेक्टर बाढ़ राहत शखा में सप्लाई की गई थी। जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया। अपने पैसे के लिए पीड़ित 15 साल तक कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगाता रहा लेकिन उसका भुगतान नहीं किया गया। तंग आकर व्यवसायी ने ने कोर्ट में याचिका दायर कर न्याय की मांग की। कोर्ट ने इस पर संज्ञान लिया और अहम फैसला सुनाया। इसमें न्यायालय से कलेक्टर के नाम कुर्की वारंट जारी किया है। जिसमें कलेक्टर की कार सहित अन्य शासकीय संपत्ति कुर्क किया जा सकता है।

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव ........

# सर्व आदिवासी समाज के शपथ से उड़ी कांग्रेस-भाजपा की नींद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में सर्व आदिवासी समाज के प्रत्याशी खड़ा करने के बाद अब उनके शपथ से दोनों पार्टियों की नींद उड़ गई है। दरअसल समाज के प्रतिनिधि लोगों को शपथ अपने ही प्रत्याशी को वोट करने की शपथ दिला रहे हैं। आदिवासी निर्दलीय उम्मीदवार पूर्व आइपीएस अकबर कोर्राम को जीत दिलाने पूरी ताकत झोंक दी है। गांव-गांव बैठक और समाज के लोगों को शपथ दिला रहे हैं।




25 नवंबर को सर्व आदिवासी समाज ने ब्लाक मुख्यालय दुर्गूकोंदल के गोंड़ समाज भवन में सर्व आदिवासी समाज, गोंड़ समाज, हल्बा समाज के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, गायता पटेल की बैठक बुलाकर शपथ दिलाई। सर्व समाज ने बूढ़ादेव, शीतला मां, दंतेश्वरी मां को साक्षी मानकर शपथ ली कि समाज के प्रत्याशी को वोट करेंगे, गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। किसी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नहीं करेंगे। समाज के लिए काम करेंगे। अन्य राजनीतिक पार्टियों का प्रचार करते पाए जाने पर मेरे खिलाफ सामाजिक कार्रवाई की जाए। सामाजिक शपथ के बाद कांग्रेस और बीजेपी में काम करने आदिवासी समाज के लोगों का पसीना छूटने लगे हैं।


### पांच दिसंबर को वोटिंग और 8 को आएंगे परिणाम

भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए 5 दिसंबर को वोटिंग होनी है और 8 दिसंबर को चुनाव के परणिाम आएंगे। ऐसे में कांग्रेस व भाजपा अपने-अपने प्रत्याशियों के प्रचार में जुटे हैं। इधर आरक्षण कटौती से नाराज सर्व आदिवासी समाज अनोखे अंदाज में अपने प्रत्याशी का प्रचार कर रहा है। निर्दलीय उम्मीदवार अकबर की ओर से भी जीत का दावा किया जा रहा है। इधर आदिवासी समाज का कहना कि उप चुनाव में भानुप्रतापपुर का चुनाव जीत गए तो प्रदेश में माहौल बनेगा और अगले चुनाव में आदिवासी मुख्यमंत्री होगा।

## बीजापुर में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार भी बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस-नक्सलियों की मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। शनिवार सुबह हुई इस मुठभेड़ में दोनों ओर से फायरिंग हुई और करीब घंटे भर हुई फायरिंग के बाद नक्सली भाग गए। इस मुठभेड़ में जवानों को बड़ी सफलता मिली है। तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर है हालांकि अभी इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मौके से जवानों ने भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक भी बरामद किए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को बीजापुर के थाना मिरतुर क्षेत्र में ग्राम पोमरा और हल्लूर के आसपास डीवीसीएम मोहन कड़ती, डीवीसी सुमित्र, मटवाड़ा एलओएस रमेश एवं अन्य माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। इसके बाद डीआरजी, एसटीएफ एवं सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी को रवाना किया गया। आज सुबह लगभग 7:30 से 7:45 बजे के मध्य पोमरा के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई।

मुठभेड़ में जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का सहारा लेकर भाग गए। वहीं मुठभेड़ बाद घटना स्थल से 03 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में दो पुरुष व एक महिला नक्सली होने की बात सामने आई है। साथ ही मौके से 303 रायफल, 315 रायफल और मस्कट बरामद किया गया।

### प्रेमिका की हत्या का फरार आरोपी पकड़ाया

**सरगुजा।** एक अधेड़ प्रेमी ने अपने लिव-इन पार्टनर महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात का अंजाम देने के बाद आरोपी प्रेमी फरार हो गया था। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबुल करते हुए कहा कि महिला किसी दूसरे शख्स पर फोन पर बात करती थी। इसी वजह से दोनों में झगड़ा होता था। इसी विवाद के बाद बुधवार को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और वहां से भाग गया।



इसरो ने एक साथ लॉन्च किए 9 सैटेलाइट

## भारत के ओशनसैट-3 सहित भूटान का भी सैटेलाइट लॉन्च

**श्रीहरीकोटा (एजेंसी)।** इसरो के लिए शनिवार का दिन बड़ा रहा। इसरो ने आज यानी 26 नवंबर को सुबह 11.56 बजे श्रीहरीकोटा के लॉन्च पैड 1 से 9 सैटेलाइट लॉन्च कर दिए। सुबह 11.56 बजे श्रीहरीकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड वन ओशनसैट-3 (OceanSat) सैटेलाइट लॉन्च कर दिया। इसकी लॉन्चिंग PSLV-XL रॉकेट से की गई। इसके साथ भूटान के लिए खास रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट समेत आठ नैनो सैटेलाइट्स भी लॉन्च किए गए।

बता दें इससे पहले ओशनसैट-1 को पहली बास साल 1999 में लॉन्च किया गया था। इसके बाद इसका दूसरा सैटेलाइट 2009 में अंतरिक्ष में स्थापित किया गया था। बीच में ओशनसैट-3 लॉन्च करने के बजाय स्कैटसैट को भेजा गया था, क्योंकि ओशनसैट-2 बेकार हो चुका थाद्ध ओशनसैट के बारे में कहा जाता है कि इसके जरिए समुद्री सीमाओं पर निगरानी भी रखी जा सकती है।

इसी प्रकार आज लॉन्च हुए भूटानसैट इंडिया-भूटान का ज्वाइंट सैटेलाइट है। यह एक टेक्नोलॉजी डिमॉन्सट्रेटर है। भारत ने इसके लिए भूटान को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की है। भूटानसैट में रिमोट सेंसिंग कैमरा लगे हैं जो जमीन की जानकारी देगा। रेलवे ट्रैक बनाने, ब्रिज बनाने जैसे विकास संबंधी कार्यों में मदद करेगा। इसमें मल्टी स्पेक्ट्रल कैमरा भी लगा है जो सामान्य तस्वीरों के साथ प्रकाश तरंगों के आधार पर तस्वीरें भी लेगा।

भारत द्वारा लॉन्च ओशनसैट-3 समुद्री सतह के तापमान, क्लोरोफिल, फाइटोप्लैंकटॉन, एयरोसोल और प्रदूषण की भी जांच करेगा। यह 1000 किलोग्राम वजनी सैटेलाइट है जिसे इसरो अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट-6 नाम दिया गया है। इसके साथ चार Astrocast, Thybolt-v, Thybolt-w और आनंद सैटेलाइट्स जाएंगे। आनंद निजी कंपनी पिक्सेल की सैटेलाइट है। इन आठों सैटेलाइट्स को PSLV-XL रॉकेट के जरिए लॉन्च पैड एक से लॉन्च किया गया है। यह रॉकेट 320 टन वजनी है और इसकी लंबाई 44.4 मीटर और व्यास 2.8 मीटर है।









## संपादकीय

# कबाड़ से मुक्ति

ज्यादा पुराने और खटारा वाहनों को सड़कों से हटाना बहुत जरूरी है और उत्तर प्रदेश सरकार ने इस दिशा में कामयाबी के लिए जो प्रोत्साहन देने का फैसला किया है, वह स्वागतयोग्य है। उत्तर प्रदेश में पंद्रह साल से पुराने वाहनों को कबाड़ में जमा कराने के बाद एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा और उस प्रमाणपत्र को दिखाकर एक साल के अंदर वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में 15 प्रतिशत की रियायत मिलेगी। दरअसल, बिना रियायत लोग पुराने वाहनों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिख रहे थे। कबाड़ की ज्यादा कीमत नहीं मिलती और उसके बाद नई गाड़ी खरीदना भी मजबूरी हो जाती है, अत लोग कबाड़ हो चुके वाहन को ही किसी तरह से चलाते रहते हैं। ऐसे में, राज्य सरकार द्वारा दिया जा रहा प्रोत्साहन लोगों को कबाड़ से पीछा छुड़ाने के लिए प्रेरित करेगा। गौर करने की बात है कि पुराने वाहन जरूरत से ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं। लगभग हर तीन-चार साल पर वाहन की टेक्नोलॉजी संवर्द्धित हो जाती है, वाहन निर्माताओं की मजबूरी है, वो नए वाहनों को पर्यावरण अनुकूल बना रहे हैं। हमें समझना चाहिए कि खटारा हो चुके वाहनों का संचालन भी महंगा होता है, लेकिन नया वाहन और उस पर लगने वाले भारी टैक्स चुकाने के पैसे हर किसी के पास नहीं होते हैं। अत आने वाले दिनों में देश के दूसरे राज्यों को भी ज्यादा रियायत के साथ सामने आना होगा। दिल्ली में तो खटारा वाहन छोड़ने और नया खरीदने पर सड़क टैक्स में 25 प्रतिशत तक रियायत मिल जाती है। यह रियायत जरूरी है, तभी सरकार न्यायपूर्ण ढंग से लोगों को पुराने वाहनों से छुटकारा पाने और नए वाहन लेने के लिए प्रेरित कर पाएगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा है कि 15 साल पूरे कर चुके भारत सरकार के सभी वाहनों को रद्द कर दिया जाएगा और इस आशय की एक नीति राज्यों को भेज दी गई है। वास्तव में यह ज्यादा जरूरी है, जब पुराने सरकारी वाहन सड़कों से हटेंगे, तब आम लोग भी नैतिक रूप से दबाव महसूस करेंगे। किसी भी खटारा या पुरानी चीज को चलन से हटाने के लिए सरकार को ही नेतृत्व करना चाहिए। बहुत पुरानी चीजों का संचालन करते रहना भी अर्थव्यवस्था के लिए बोझ है। वास्तव में कबाड़ नीति को व्यापक बनाने की जरूरत है, ताकि हमारे स्वास्थ्य और जेब, दोनों का सही संरक्षण हो। गौर करने की बात है कि केंद्र सरकार की यह नीति है, 15 साल से पुराने सरकारी व वाणिज्यिक वाहनों और 20 साल से पुराने निजी वाहनों को परिचालन से हटा देना है। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने राज्य में वाहन स्क्रेपिंग केंद्र स्थापित करने के लिए सबसे पहले, इसी साल 18 फरवरी से आवेदन आमंत्रित करने शुरू कर दिए थे। घोषणा कर दी गई थी कि कोई भी व्यक्ति, कंपनी, संस्था, ट्रस्ट आदि राज्य में वाहन स्क्रेपिंग केंद्र स्थापित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। स्क्रेपिंग या गाड़ियों के कबाड़ को लेने या खरीदने का व्यवसाय भी जरूरी है। गाड़ियों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले तत्वों का यथोचित निवारण जरूरी है। अभी स्थिति यह है कि देश में जगह-जगह कबाड़ के ढेर नजर आते हैं, उनके सही निस्तारण की सुविधा का विकास भी जरूरी है। अगर लोगों को पता लग जाए कि खटारा वाहनों को कहां यथोचित कीमत पर बेचा जा सकता है, तो लोग स्वयं आगे आएंगे। संगठित स्क्रेप उद्योग को भी प्रोत्साहन की जरूरत होगी। खटारा वाहनों से मुक्ति के लिए अभी बहुत कुछ करना होगा।

"बहुत पुरानी चीजों का संचालन करते रहना भी अर्थव्यवस्था के लिए बोझ है। वास्तव में कबाड़ नीति को व्यापक बनाने की जरूरत है, ताकि हमारे स्वास्थ्य और जेब, दोनों का सही संरक्षण हो। गौर करने की बात है कि केंद्र सरकार की यह नीति है, 15 साल से पुराने सरकारी व वाणिज्यिक वाहनों और 20 साल से पुराने निजी वाहनों को परिचालन से हटा देना है। यह भी उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने राज्य में वाहन स्क्रेपिंग केंद्र स्थापित करने के लिए सबसे पहले, इसी साल 18 फरवरी से आवेदन आमंत्रित करने शुरू कर दिए थे।

# षड्यंत्रों की विफलता

भोपाल के नवाब ने भारतीय डोमीनियन में शामिल होने के प्रवेशपत्र पर हस्ताक्षर कर दिये और समान हित से सम्बन्ध रखने वाले कतिपय मामलों के बारे में रियासत और भारत के बीच मौजूदा प्रबन्ध को अस्थायी तौर पर ज्यों का त्यों कायम रखना स्वीकार कर लिया। भोपाल के प्रधानमंत्री ने एक विज्ञप्ति के द्वारा इसकी अधिकारपूर्ण घोषणा कर दी है। यों हमने कई दिनों पूर्व सबसे पहले अपने विशेष संवाददाता की इस आशय की खबर प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि नवाब भोपाल प्रवेशपत्र और सभापूर्व समझौतों पर हस्ताक्षर कर चुके हैं, किन्तु उसकी अधिकृत घोषणा 25 अगस्त के बाद की जायेगी। भारत सरकार का रियासती विभाग समय-समय पर भारतीय डोमीनियन में शामिल होने वाली रियासतों की नामावली प्रकाशित करता रहा है, किन्तु भोपाल के बारे में पता नहीं यह असाधारण तरीका क्यों अख्तियार किया गया। सम्भवत नवाब की सुविधा के खयाल से ऐसा किया गया होगा।

नवाब भोपाल का भारतीय डोमीनियन में शामिल हो जाना विशेष महत्व रखता है। इसके पीछे एक लम्बी दास्तान छिपी हुई है। नवाब भोपाल नरेन्द्र मण्डल के चांसलर थे। भारतीय विधान परिषद में रियासतों के शामिल होने के बारे में नरेन्द्र मण्डल और विधान परिषद की समझौता समितियों में एक समझौता हुआ, उसके बावजूद नवाब भोपाल की यह कोशिश रही कि रियासत विधान परिषद में शरीक न हों। किन्तु कुछ देशभक्त राजाओं के आगे उनकी चल न सकी और अधिकांश रियासतें समझौते के अनुसार स्वतंत्र भारत का विधान बनाने के लिए विधान परिषद में शरीक हो गईं। फिर भी नवाब भोपाल ने अपना कुचक्र बन्द नहीं किया। उन्होंने कुछ रियासतों को अपने साथ मिला लिया। सर मोहम्मद जफरुल्ला को अपना वकील बनाकर इंग्लैण्ड भेजा और अनुदारपंथियों की सहायता प्राप्त करने की कोशिश की। रियासतों का एक अलग डोमीनियन कायम करने के भी सपने देखे गये। नवाब साहब दौड़े हुए त्रावणकोर पहुंचे जहां के दीवान अपनी रियासत को पूर्ण स्वतंत्र घोषित करने के लिए म्यान के भीतर तलवार खड़खड़ा रहे थे। किन्तु अफसोस यही है कि उन्हें बाहर से कोई सहारा नहीं मिला।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

**"पाकिस्तान में लंबे सैन्य शासन का सबसे स्थायी प्रभाव इसका घटता हुआ राज्य संविधान है। इतने आवेशित वातावरण के साथ और इतने सारे प्रचलित विरोधी भावनाओं के साथ। यह केवल समय की बात है जब आम पाकिस्तानी सेना में विश्वास खो देंगे और इसे सिर्फ एक अन्य राजनीतिक संगठन के रूप में मानेंगे। सेना ने कई बार कहा है कि वह तटस्थ है, और अराजनैतिक होना चाहती है।**

# पाकिस्तानः सेना के लिए वेक-अप कॉल

मनीष राय



इस साल अप्रैल में इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद देश की सर्वशक्तिशाली सेना के खिलाफ अभूतपूर्व प्रतिक्रिया हुई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान द्वारा सीधे तौर पर अपने पर हमला करने का आरोप लगाने के बाद लोग अब सड़कों पर सेना विरोधी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर रहे हैं। पाकिस्तान भर में आयोजित रैलियों में प्रदर्शनकारियों ने खान के समर्थन में और सेना के खिलाफ नारे लगाए हैं। रैली में खान पर हत्या के असफल प्रयास के बाद। पेशावर में कॉर्प्स कमांडर के घर के सामने सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए और सेना विरोधी नारे लगाए। इससे पहले पाकिस्तान में यह अकल्पनीय था।

वर्तमान में पाकिस्तानी समाज में सेना विरोधी भावना तेजी से फैल रही है। सोशल मीडिया पर लोग सेना के खिलाफ अपनी राय रखते रहते हैं। सोशल मीडिया खातों को निलंबित किए जाने या गिरफ्तार किए जाने की धमकी के बावजूद। सेना के लिए यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि पाकिस्तान सैन्य राज्य है, और सेना ने अपने अधिकांश अस्तित्व के दौरान शासक की भूमिका निभाई है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि 1947 में पाकिस्तान की स्थापना के बाद से किसी भी प्रधानमंत्री ने पूरे पांच साल का संसदीय कार्यकाल पूरा नहीं किया है, और जनरलों ने कई मौकों पर देश पर सीधे शासन किया है। खान का मुख्य समर्थन आधार पाकिस्तान के शहरी मध्य वर्ग से आता है।

पाकिस्तानी सेना खुद को पाकिस्तान के एकमात्र गैर-सामंती, गैर-वंशवादी और शिक्षित-मध्यवर्गीय संगठन के रूप में देखती है, और समाज के इस वर्ग में सेना हमेशा लोकप्रिय रही है। आश्चर्य की बात नहीं है कि खान को अब सेना के बड़े हिस्से में लोकप्रिय माना जाता है। यह कहना गलत या अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पीटीआई प्रमुख पाकिस्तान के इतिहास में पहले राजनेता हैं, जिन्हें सेना के नेतृत्व से लड़ते हुए सेना के भीतर से भी काफी अच्छा समर्थन प्राप्त है। अब तक इमरान की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि यह है कि वह जनता के बीच सेना के शीर्ष नेतृत्व को सत्ता के भूखे जनरलों के रूप में प्रदर्शित करने में सक्षम रहे हैं। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी ने हमेशा इस कथन को आगे बढ़ाया है कि अधिकांश राजनीतिक नेता भ्रष्ट हैं, और देश के सामने आने वाली सभी कठिनाइयों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं, और सेना ही एकमात्र संस्था है, जो व्यवस्था ला सकती है, और स्थिरता व सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

लेकिन असल बात यह है कि लंबे सैन्य शासन ने पाकिस्तान की राजनीति, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव छोड़े हैं। पाकिस्तान में लंबे सैन्य शासन का सबसे स्थायी प्रभाव इसका घटता हुआ राज्य संविधान है। इतने आवेशित वातावरण के साथ और इतने सारे प्रचलित विरोधी भावनाओं के साथ। यह केवल समय की बात है जब आम पाकिस्तानी सेना में विश्वास खो देंगे और इसे सिर्फ एक अन्य राजनीतिक संगठन के रूप में मानेंगे। सेना ने कई बार कहा है कि वह तटस्थ है, और अराजनैतिक होना चाहती है। लेकिन पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार एक राजनीतिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम और इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल बाबर इफ्तिखार ने संबोधित किया। और फिर से दोहराया गया कि सेना अराजनीतिक रहेगी। लेकिन इस दावे के विपरीत तथ्य यह है कि सैन्य प्रतिष्ठान देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक शक्ति है।

सत्ता की राजनीति से पीछे हटना सामरिक प्रतीत होता है, और पूर्ण त्याग का संकेत नहीं देता। यह सिर्फ रणनीति बदलने की बात है। देश में चल रहे राजनीतिक टकराव और बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ शक्ति का संतुलन अभी भी सेना के पास बना हुआ है। इतिहास के पन्नों में जनरल कमर जावेद बाजवा को अलग तरह से आंका जाएगा। शायद अधिक आलोचनात्मक रूप से। जैसा कि उन्होंने सरल मार्शल लॉ का चयन करने की बजाय एक सरकार को हटाने के लिए इंजीनियरिंग द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ की, और बाद में, एक प्रॉक्सी को आगे बढ़ाया जो अब सैन्य बूटों की सीमाओं से बाहर निकल गया है।

अतीत में सेना लोकतंत्र के साथ किए गए किसी भी प्रयोग के दोष से बच गई जैसे-प्रत्यक्ष मार्शल लॉ, फील्ड मार्शल अयूब खान की निर्देशित लोकतंत्र अवधारणा और जनरल बाजवा की सरकार का संकर रूप। लेकिन अब विभिन्न कारणों से आम लोगों का धैर्य समाप्त होता जा रहा है जैसे-राजनीतिक अभिजात वर्ग के प्रति गुस्सा, बढ़ती महंगाई, कुशासन और वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता। और लोग किसी भी तरह की राजनीतिक व्यवस्था को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं, जो लोगों की इच्छा को ध्यान में न रखे। वित्तीय राजधानी कराची और पंजाब के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत में स्थानीय चुनावों में खान की पार्टी की मौजूदा जीत को राष्ट्रीय मनोदशा के लिए लिटमस टेस्ट के रूप में देखा गया है। साथ ही, सेना द्वारा अब तक इमरान पर दबाव डालने के सभी हथकंडों ने उन्हें डराने की बजाय और लोकप्रिय बना दिया है।

यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि इमरान खान का बड़ा समर्थन आधार पंजाब से आता है, जो पाकिस्तान सेना का मूल भी है। सेना के लिए बलूचों का नरसंहार करना, या बंगालियों का कत्ल करना, या सिंधी और पश्तूनों को मारना एक बात है, लेकिन पंजाब में ऐसा करना दूसरी बात है। इससे सेना के लिए पीटीआई प्रमुख और उनके समर्थकों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करना बहुत मुश्किल हो जा रहा है। यह वास्तव में सत्ता के गलियारे को छोड़कर बैरकों में जाने के लिए पाकिस्तानी सेना के लिए एक वेकअप कॉल है अन्यथा उनका हश्र म्यांमार के सैन्य जुन्टा के समान हो सकता है, जहां जून्टा अपने शासन के खिलाफ गृह युद्ध का सामना कर रही है।

# संविधान दिवस : अतुल्य विरासत को जारी रखने का संकल्प

अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय संस्कृति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद

मानव सभ्यता का एक लंबा इतिहास रहा है जिसके दौरान अब तक असंख्य उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। एकजुटता की भावना, नैतिक निर्णय लेने की क्षमता, सत्ता समीकरणों की संतुलित स्थिति, क्षेत्रीय और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और प्रसार, प्राचीन काल से लेकर अब तक चिंतन के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं। इंसानों ने, सामाजिक जीव होने के नाते अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अभिव्यक्त करने के लिए इस दिशा में हमेशा से प्रयास किए हैं। इसके दूसरी ओर विश्व के संविधानों ने आकांक्षाओं, संबंधित लक्ष्यों, वैयक्तिक और सामूहिक सामाजिक प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शकों की हैसयित से कार्य किया है। भारत लोकतंत्र की जननी है और यहां सांस्कृतिक विरासत की लंबी परंपरा रही है। 26 नवम्बर को मनाया जाने वाला संविधान दिवस अमृत काल में मनाए जाने के कारण विशेष महत्व रखता है।

मोदी सरकार ने 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी! आज हम संविधान निर्माण की 73वीं वर्षगांठ मना रहे हैं जिसके माध्यम से हम उन पूर्वजों को पूरी तरह से सम्मान देने का प्रयास कर रहे हैं जिन्होंने संबंधित मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी और जिसके आधार पर संविधान निर्माताओं को भावी पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिली थी। उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज कई देशों के संविधान विविध हितों और असंतुलित शक्ति समीकरण के आगे नतमस्तक हो गए हैं। तथापि, भारतीय संविधान समय की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरा है। यह पवित्र, सारगर्भित और जीवंत दस्तावेज भारत के लिए एक महान मार्गदर्शक है। सामाजिक आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन को अंगीकार करने के लिए इसमें निहित लचीलेपन की विशेषता एक सर्वोत्तम एवं आदर्श संवैधानिक आधार में परिणत हो गई है। संविधान के भीतर यह वाक्यांश कि ''हम भारत के नागरिक'' से यह सुस्पष्ट रूप से विदित होता है कि हमारे संविधान में नागरिकों के प्रति एक सतत् केन्द्रीयता को प्रस्तावित पारिस्थितिकी के रूप में निर्धारित किया गया है। यह विकसित संस्थानों, शासन व्यवस्था और न्यायपालिका, विधायी व्यवस्था, कार्यपालिका, परिसंघवाद, स्थानीय सरकार और अन्य स्वतंत्र संस्थाओं की परिभाषित भूमिका से मिलता-जुलता है जिसके तहत व्यक्ति की निजता पर सामूहिक रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों का सम्मिश्रण एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जिनकी अभिव्यक्ति व्यापक राष्ट्र-निर्माण के लक्ष्य के तहत की गई है। केंद्र और राज्यों के मध्य विधायी शक्तियों का संविधान के अनुच्छेद 246 और 7वीं अनुसूची में स्पष्ट बंटवारा और अधिकारों व कर्तव्यों के मध्य समन्वय भारतीय संविधान को और महान बनाता है।



संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को समापन बहस के दौरान एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत के माध्यम से राजनीतिक समानता रखने के लिए विरोधाभासी जीवन में प्रवेश के बारे में टिप्पणी करते हुए असमानता के बारे में चेतावनी दी थी जिसमें सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी दृष्टिगत रखा गया। संविधान की शुरुआत करने के दौरान उन्?होंने इस विषय पर चिंतन करना छोड़ दिया था कि हम कब तक इन अंतर्विरोधों का जीवन जीते रहेंगे?

अब राष्ट्र विस्मृत और यशवंचित स्वतंत्रता सेनानियों के मूल्यों को पहचाने के साथ स्वतंत्रता शती के अवसर पर आने वाले अमृत काल में राष्ट्र के विकास की अवसंरचना तैयार करते हुए हमें डॉ. अम्बेडकर के चिंतन-मनन के नजदीक ले जा रहा है। वर्ष 2014 के बाद मोदी सरकार का दृष्टिकोण, उनके द्वारा निष्पादित कार्यकलाप और उनसे अर्जित निष्कर्षों का उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में निहित विरोधाभास को समाप्त करना है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के परिप्रेक्ष्य में सरकार की पहल यह है कि राष्ट्र निर्माण संबंधी गतिविधियों में किसी को पीछे न रखा जाए और उसके माध्यम से ऐसी सारगर्भित एवं सुदृढ़ व्यवस्था को सामने रखा जाए जिनमें संवैधानिक मूल्यों का विशेष समावेश हो। व्यक्तिगत क्षमता को पहचानने के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास, ऊर्जा, शिक्षा, उद्योग, अंतरिक्ष और संस्कृति से लेकर बहुआयामी तरीके से हर क्षेत्र में कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। नीति और निष्पादन से जुड़ी कार्य पद्धति लोकतांत्रिक तरीके से समाज की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। क्षेत्र-विशिष्ट योजनाओं पर आधारित दृष्टिकोणों का सामंजस्य और क्रियान्वयन जनता के जीवन को सहज बना रहा है। लोगों पर अनुपालन बोझ को कम करना, संतृप्ति स्तर के कार्यान्वयन लक्ष्यों के लिए प्रभावी योजना तैयार करना और परिणामस्वरूप मोदी सरकार के शासन में बेहतरी को प्रदर्शित करना इनका लक्ष्य है। मोदी शासन ने आम आदमी के विश्वास को बढ़ाया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता मोदी सरकार की संवैधानिक भावना के पालन का एक और स्पष्ट प्रमाण है।

अगले सप्ताह से जी-20 समूह में भारत की अध्यक्षता उन संवैधानिक मूल्यों को प्रदर्शित करने का एक उपयुक्त अवसर है जिनकी गूंज संपूर्ण विश्व में है। भारत पहले ही विकासशील देशों के स्वर के रूप में उभरा है। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शासन में सुधार की आवश्यकता, सुधार किया हुआ बहुपक्षवाद, आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए जारी प्रयास और स्पष्ट दृष्टिकोण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संधारणीयता के उपायों में लाभ और जिम्मेदारी को समान रूप से साझा करना, चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में वैश्विक शांति के पक्ष में सतर्कतापूर्ण रुख, आवश्यकता-आधारित बहु-संरेखण, महामारी के कठिन समय के दौरान विकासशील देशों हेतु मानवीय पहल जैसे कि वैक्सीन मैत्री के माध्यम से सहायता प्रदान करना, संवैधानिक मूल्यों का अनुकरण करना है और वैश्विक हित के लिए प्रबल प्रयास है। एक बहुसांस्कृतिक समाज होने के नाते, भारत की 'विविधता में एकता' को अपनाने की स्वाभाविक क्षमता और अनोखा सामर्थ्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर विविध और परस्पर विरोधी विचारों पर आम सहमति कायम करने में सक्षम है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में वैश्विक विमर्श को आकार देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर एवं संवहनीय भविष्य के लिए लोकतांत्रिक बुनियादी बातों के आधार पर मजबूत संस्थानों का निर्माण करने की क्षमता मौजूद है।

संविधान दिवस हमारे विचारों, दृष्टि और कार्यों में व्यक्तिगत और सामूहिक तरीके से संवैधानिक मूल्यों को समाहित करने हेतु विचार करने और उत्प्रेरक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए एक उपयुक्त क्षण है। यह हम पर अमिट प्रभाव छोड़ता है कि संविधान से निकलने वाले प्रभावशाली मूल्य और प्रस्तावित ज्ञान न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए मूल्यवान है। हमें उन मूल्यों की गंभीरता, ग्रंथों के भाव को समझना चाहिए, उन्हें आत्मसात करना चाहिए और उन्हें और अधिक बोधगम्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करना चाहिए। आइए उन विस्मृत और यशवंचित वीरों से जुड़ी अतुल्य विरासत को कायम रखने का संकल्प लें। एक गौरवान्वित नागरिक होने के नाते, दुनिया को फिर से दर्शाने का समय आ गया है कि 'हम, भारत के लोग....

# सद्कर्मों की प्रेरणा

कोई भी धातु या वस्तु अपने मूल रूप में उतना आकर्षण नहीं पैदा करती, जितना कि उससे बनी एक सुंदर आकृति अथवा आभूषण आकर्षित करते हैं। निर्माण की यह प्रक्रिया मनुष्य में भी लागू होती है। उसका निर्माण-काल तब होता है, जब वह छोटी उम्र का बालक होता है। तभी वह जगत के सारे उपक्रम सीखता है। अब सवाल यह है कि उसने क्या सीखा? यदि वह अपने परिवेश से सदाचरण के व्यवहार सीखता है, तो वह सुसंस्कारित होगा। हमारे शास्त्र कहते हैं कि माता-पिता के आचरण का गहरा प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। भक्त प्रह्लाद और वीर अभिमन्यु इसके सशक्त प्रमाण हैं।

पांच वर्ष के भक्त ध्रुव अपनी मां की सद्प्रेरणा से तपस्या द्वारा वहां पहुंच गए, जहां बड़े-बड़े तपस्वी भी नहीं पहुंच पाए। माता का प्रेरक उपदेश सुनने के बाद बालक ध्रुव राजमहल छोड़कर तपस्या करने वन की ओर चल पड़े। इस बात की भनक जब महाराज को लगी, तो उन्होंने बालकों के मन मचल जाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए सेवकों से कहा कि वे बहला-फुसलाकर राजकुमार को महल में ले आएं। मगर ध्रुव नहीं लौटे। व्याकुल राजा ने पुत्र को वापस लाने के लिए तरह-तरह के यत्न किए, पर ध्रुव पीछे नहीं मुड़े।

वन-मार्ग में देवर्षि नारद ने उन्हें बालक समझकर भय और लोभ दिखाकर घर लौट जाने के लिए कहा, लेकिन उनकी बातों का भी ध्रुव पर कोई असर नहीं हुआ, बल्कि पलटकर कहा- देवर्षि, आप मेरे लिए कुछ करना ही चाहते हैं, तो ईश्वर-प्राप्ति का मार्ग बताएं। आगे चलकर भक्त ध्रुव ने वह उच्च स्थान प्राप्त किया, जिसे पाने के लिए बड़े-बड़े तपस्वी तरसते हैं।













# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# मुख्य सचिव ने की राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य वाले सभी जिलों के प्रभावितों को मुआवजे का वितरण, लंबित भू-अर्जन की प्रक्रिया वृक्षों की कटाई, परिसम्पत्तियों का चिन्हांकन और उनके अवार्ड पारित करने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करें। जैन ने राष्ट्रीय राजमार्गों और भारत माला परियोजना के तहत बनने वाले सड़कों के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा है कि जिन निर्माण कार्यो के लिए प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उन क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य किये जाये। संवेदनशील क्षेत्रों में निर्मित हो रहे सड़क-पुल-पुलिया के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की हाई पावर कमेटी की बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य की स्वीकृत परियोजनाओं और प्रगतिरत कार्यों, संवेदनशील क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग और पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के द्वारा निर्मित किए जा रहे सड़कों के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा भी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से बिलासपुर जिले के अंतर्गत कबीर चबुतरा-केवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, बिलासपुर-जांजगीर-चांपा-कोरबा जिले से होकर गुजरने वाली बिलासपुर उरगा मार्ग, कोरबा जिले के पथरापाली-कटघोरा मार्ग, चांपा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग, उरगा-पत्थलगांव मार्ग, रायगढ़ जिले के उरगा-पत्थलगांव मार्ग, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के कबीर चबुतरा-केवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, सरगुजा जिले के अम्बिकापुर पत्थलगांव मार्ग, अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग, बलरामपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग बलरामपुर से अंबिकापुर मार्ग, जशपुर जिले के पत्थलगांव-कुनकुरी-छत्तीसगढ़ झारखण्ड बॉर्डर, दुर्ग-रायपुर बायपास भारत माला परियोजना, दुर्ग बायपास के अंत से महाराष्ट्र सीमा तक चौड़ीकरण कार्य, दुर्ग जिला के अंतर्गत दुर्ग-रायपुर बायपास भारत माला परियोजना, रायपुर जिले के अंतर्गत दुर्ग-रायपुर बायपास भारत माला परियोजना और रायपुर-विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना, धमतरी जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना, गरियाबंद जिले के अंतर्गत अभनपुर से पानडुका मार्ग का कार्य, कोण्डागांव जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम-भारतमाला परियोजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बस्तर संभाग के अंतर्गत में लोक निर्माण विभाग और पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा निर्मित किए जा रहे सड़क-पुल-पुलियों के प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

क्लाईमेट चेंज कॉन्क्लेव के लिए दिया आमंत्रण

# राज्यपाल से एमिटी विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति ने की भेंट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसईया उइके से आज यहां राजभवन में एमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के प्रतिकुलपति डॉ. पीयूषकांत पाण्डेय ने मुलाकात की। पाण्डेय ने राज्यपाल को 15 से 22 दिसंबर 2022 को विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले क्लाईमेट चेंज कॉन्क्लेव की जानकारी दी और मुख्य अतिथि के रूप में उन्हें शामिल होने का आमंत्रण दिया।



साथ ही उन्होंने इस दौरान राष्ट्र स्तरीय जल जीवन मिशन एप्प डेव्हलपमेंट हैकाथॉन और इससे जुड़े गतिविधियों के आयोजन के संबंध में राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि क्लाइमेंट चेंज वर्तमान समय में सर्वाधिक चर्चा का विषय है और इस पर विद्वतजनों से विमर्श तथा उनके विचारों से नई पीढ़ी को भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल पायेगी। उन्होंने विश्वविद्यालय के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, औद्योगिक संस्थान, अध्यापकों और विद्यार्थियों को लक्षित यह आयोजन निश्चित ही अपने उद्देश्य को प्राप्त करेगा।

साथ ही राज्य सरकार तथा यूनिसेफ जैसे संस्थानों की भी सक्रिय भागीदारी इस कॉन्क्लेव में होगी, जो प्रशंसनीय है। उल्लेखनीय है कि 15 से 22 दिसंबर 2022 तक आयोजित होने वाले क्लाईमेट चेंज कॉन्क्लेव में राज्य सरकार के मंत्रियों सहित एम्स, एन.आई.टी., आई.आई.एम., आई.आई.टी., ट्रिपल आई.टी., नीरी, सी.आई.आई. जैसे संस्थाओं के प्रबुद्धजन अपने विचार साझा करेंगे।

इस दौरान जल जीवन मिशन तथा एमिटी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी तथा पारंपरिक नृत्यों का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र रहमतकर और डॉ. सत्येन्द्र पटनायक उपस्थित थे।

## खास खबर

### जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का हुआ समापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी लोक खेलो के संरक्षण और उन्हें बढ़ावा देने के लिए आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आज स्थानीय सुभाष स्टेडियम में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन अवसर पर कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने 14 खेलों के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी निराश ना हों, प्रति वर्ष छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन किया जाना है। प्रतिभागी अभी से पूरे लगन से तैयारी प्रारंभ कर दें। रायपुर जिले के विजेता टीम और सदस्य को जिले का नाम रोशन करना है। आगामी चरण के संभाग स्तरीय खेलों में जोरदार प्रदर्शन के लिए जमकर तैयारी करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ आकाश छिकारा, सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी और अन्य लोग मौजूद रहें। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन 6 अक्टूबर से जारी है।

### आईटीआई में नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कुल 90 अभ्यार्थियों को शॉट-टर्म कोर्स का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा। जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिकल विंडर एवं असिसटेंट इलेक्ट्रीशियन व्यवसायों हेतु 30-30 सीटे आबंटित हैं। प्रतिदिन 4 घंटे अनुसार प्रशिक्षण कुल 400 घंटे में पूर्ण किया जावेगा। इच्छुक आवेदक 30 नवंबर 2022 तक संस्था में आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करावें।

# बजट पूर्व बैठक में मुख्यमंत्री ने फिर दोहराई एनपीएस की राशि व जीएसटी क्षतिपूर्ति की मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली/रायपुर। बजट पूर्व बैठक में एक बार फिर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एनपीएस की राशि की वापसी, जीएसटी क्षतिपूर्ति की भरपाई, कोल रॉयल्टी की राशि की मांग सहित राज्यहित के विभिन्न मुद्दे केंद्रीय वित्त मंत्री के सामने रखे। दिल्ली के मानेक शॉ सेन्टर में आयोजित बजट पूर्व बैठक में केंद्रीय वित्तमंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण के साथ ही अन्य राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आम बजट 2023-24 को लेकर कई प्रस्ताव एवं सुझाव दिये।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य शासन के कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए हमने पुरानी पेंशन योजना लागू की है। एनएसडीएल के पास 31 मार्च तक जमा 17240 करोड़ की राशि वापस की जाये ताकि कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि में डाली जा सके। श्री बघेल ने बताया कि राज्य शासन का अंश पृथक पेंशन निधि में जमा रखा जाएगा, जिसका उपयोग भविष्य में पेंशनरी दायित्वों को पूरा करने के लिए किया जायेगा। इसके साथ ही इसका निवेश भारत सरकार व राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में किया जाएगा। बैठक में जीएसटी क्षतिपूर्ति की 1875 करोड़ की राशि की मांग करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा हमने जीएसटी क्षतिपूर्ति अनुदान की व्यवस्था को जून 2022 के बाद आगामी पाँच वर्षों के लिए जारी रखने का अनुरोध किया था, लेकिन इसमें वृद्धि नहीं की गयी। इसके साथ ही उन्होंने कोल रॉयल्टी की 4140 करोड़ की राशि राज्य को जल्द ट्रांसफर करने का आग्रह किया। वहीं, उन्होने केंद्रीय सुरक्षा बलों पर व्यय 1288 करोड़ की राशि तथा राज्य में तैनात 4 विशेष एवं भारत रक्षित वाहिनियों पर राज्य सरकार द्वारा किए व्यय 313 करोड़ जल्द देने का आग्रह किया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी (मिलेट्स) की खेती प्रमुखता से की जाती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा भी वर्ष 2023 को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट' घोषित किया गया है। उन्होंने केंद्र से आग्रह किया कि मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने के लिए कोदो एवं कुटकी फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाये। इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री ने सी-मार्ट की तर्ज पर विपणन केन्द्रों की स्थापना की मांग की ताकि कृषि, हस्तशिल्प, लघु वनोपज उत्पादों को बढ़ावा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने इसके अलावा मुख्य खनिजों की रॉयल्टी दरों में संशोधन, बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले राज्यों को प्रोत्साहन अनुदान, विशेष सहायता योजना को जारी रखने सहित रायपुर में इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल शुरू करने, केंद्रीय योजनाओं में केंद्रांश बढ़ाने संबंधी सुझाव भी बैठक में दिये।

### धान, बारदाने की आवश्यकता पर भी हुई चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022-23 में केंद्रीय पूल में 57 लाख मीट्रिक टन अरवा व 4 लाख मीट्रिक टन उसना चावल का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से 14 लाख मीट्रिक टन उसना चावल का लक्ष्य निर्धारित करने का अनुरोध किया। इसके साथ उन्होंने नए जूट बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग भी की।

# सीमावर्ती इलाकों में धान के अवैध परिवहन पर रखी जा रही है निगरानी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य में चल रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान अन्य राज्यों से धान के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए सीमावर्ती इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मालवाहकों की चेकिंग के लिए सीमावर्ती इलाकों के चेक पोस्ट पर पृथक से अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए हैं। राज्य के सीमावर्ती जिला कोरिया में आज जांच पड़ताल के दौरान 215 बोरी धान जब्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला स्तरीय अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का दौरा कर वहां की व्यवस्था पर लगातार निगाह रख रहे हैं।

कोरिया कलेक्टर ने आज बैकुंठपुर के धान खरीदी केंद्र सलबा का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने धान बेचने आए किसानों से बात कर उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक से जारी टोकन और अब तक हुई खरीदी की जानकारी ली। इसी बीच कलेक्टर ने वहां किसानों से खरीदे गए धान की बोरियों का अपने सामने रैंडम तौल कराया, जिनमें कुछ बोरियों के तौल में अधिक वजन सामने आया। कलेक्टर ने कड़ी चेतावनी देते हुए तुरंत सुधार के निर्देश दिए और किसानों को भी जागरूक किया।

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र के प्रभारी को सिर्फ किसानों को धान खरीदने की सख्त हिदायत दी। बिचौलियों और कोचियों पर निगाह रखने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों को खरीदी केंद्रों में धान की स्टैकिंग और बारदाना संधारण का भौतिक सत्यापन नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोरिया जिले में अधिकारियों की टीम धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर कड़ी निगरानी रख रही है। एसडीएम बैकुंठपुर के टीम द्वारा आज अलग-अलग कार्रवाई में 215 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। पटना धान खरीदी केंद्र में अमानक धान को खपाने का प्रयास किया जा रहा था। धान को जब्त कर मंडी को सुपुर्द कर दिया गया है।

# हमर छत्तीसगढ़ पर केन्द्रित प्रदर्शनी का भव्य समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग।छत्तीसगढ़ की संस्कृति का उत्कृष्टतापूर्वक एक ही पण्डाल के नीचे प्रदर्शन गर्व का विषय है। यह प्रदर्शनी प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं, शोधकर्ताओं तथा प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। यह उद्गार छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विष्वविद्यालय, भिलाई के कुलपति प्रोफेसर एम. के. वर्मा ने आज व्यक्त किए।




डॉ. वर्मा हेमचन्द यादव विष्वविद्यालय द्वारा हमर छत्तीसगढ़ विषय पर आयोजित प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। विष्वविद्यालय से जुड़े 25 महाविद्यालयों के स्टॉल के निरीक्षण के पश्चात् लगभग 1000 लोगों की उपस्थिति में प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परंपराओं पर गर्व करना चाहिए।

समापन समारोह का आरंभ छत्तीसगढ़ के राज्यगीत अरपा पैरी के धार तथा विष्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति के साथ प्रारंभ हुए समापन समारोह में विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने दो दिवसीय प्रदर्षनी का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। प्रदर्षनी के दौरान ''भारत लोकतंत्र की जननी'' विषय पर शासकीय विष्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वषासी महाविद्यालय दुर्ग की डॉ. सपना शर्मा का आमंत्रित व्याख्यान भी आयोजित किया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित इस आमंत्रित व्याख्यान की सभी ने सराहना की।

समापन समारोह में अपने उद्बोधन में कुलसचिव श्री भूपेन्द्र कुलदीप ने प्रदर्षनी की सफलता का श्रेय समस्त महाविद्यालय के प्रतिभागियों को दिया। कुलदीप ने भविष्य में भी महाविद्यालयों से इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालयों द्वारा प्रदर्षित हर स्टॉल प्रषंसनीय है। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित करेगा। विष्वविद्यालय द्वारा आहार एवं पोषण विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रोफेसर एम. के. वर्मा ने पुरस्कृत भी किया।

### मनरेगा अंतर्गत लगभग एक करोड़ 65 लाख से ज्यादा के काम स्वीकृत

**नारायणपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु महात्मा गांधी नरेगा सिक्योर सॉफ्टवेयर के माध्यम से नारायणपुर जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव, हलामीमुंजमेटा, कोंगेरा, टिमनार, बोरपाल, करलखा, खड़कागांव, आमगांव, बड़ेजम्हरी, बागडोंगरी, बाकुलवाही, बावड़ी, बोरण्ड, देवगांव, गढ़बेंगाल, गौरदण्ड, सूअर आश्रय, कुक्कुट पशुधन आश्रय निर्माण, भुमि समतलीकरण, चेक डेम निर्माण, और डबरी निर्माण हेतु 1 करोड़ 65 लाख से ज्यादा के रोजगार मूलक कार्य स्वीकृत किये है।







## खास खबर

### मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का सातवां चरण 1 दिसम्बर से

**रायपुर।** प्रदेश में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के सातवें चरण की शुरूआत 1 दिसम्बर से होगी। राज्य के चार मलेरिया संवेदी जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा में एक माह तक यह अभियान संचालित किया जाएगा। मलेरिया के मामलों को निम्नतम स्तर तक ले जाकर पूर्ण मलेरिया मुक्त राज्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश में लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है।

प्रदेश में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के पिछले छह चरणों के अच्छे नतीजे आए हैं। प्रदेश में वर्ष 2018 में वार्षिक परजीवी सूचकांक (एपीआई दर) 2.63 था, जो अभी घटकर 0.92 पर आ गया है। बस्तर के साथ-साथ समूचे छत्तीसगढ़ में मलेरिया संक्रमण की दर अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर तक पहुंच चुकी है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के छटवें चरण में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सात लाख छह हजार घरों में जाकर 33 लाख 96 हजार 998 लोगों की मलेरिया जांच की थी। इस दौरान मलेरियाग्रस्त पाए गए लोगों का तत्काल उपचार भी किया गया।

1 दिसम्बर से शुरू हो रहे सातवें चरण में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम बस्तर संभाग के चार जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर सभी लोगों में मलेरिया की जांच करेगी। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए लोगों को तत्काल मलेरिया की दवाई खिलाई जाएगी।

### राज्य में रामायण मंडलियों का सांस्कृतिक मानचित्र पर है महत्वपूर्ण योगदान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रामायण मंडली प्रतियोगिता आज से शुरू हो गया है। संस्कृति विभाग के सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र प्रेषित कर सफलता-पूर्वक आयोजन करने के निर्देश दिए है। प्रतियोगिता में जूरी सदस्यों के रूप में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मानस विशेषज्ञ, वरिष्ठ कलाकार, संगीत शिक्षकों को शामिल करने को कहा गया है।

संस्कृति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रथम चरण मे ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन 15 दिसम्बर तक चलेगा। दूसरे चरण में जनपद पंचायत स्तर पर पांच जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक चलेगा। तीसरे चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी से 03 फरवरी 2023 तक चलेगा और चौथे चरण में जिला स्तर के विजेताओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 16 फरवरी से 18 फरवरी तक राजिम, जिला गरियाबंद में आयोजित होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के मानचित्र में रामायण मंडलियों के महत्ता को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2021-22 से रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन करा रहे हैं।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर हो पेंशन सह अन्य देयकों का भुगतानः राज्यपाल सुश्री उइके

प्रधान महालेखाकार छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित ऑडिट सप्ताह-2022 के समापन समारोह में शामिल हुई राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आडिट दिवस के अवसर पर प्रधान महालेखाकार कार्यालय रायपुर में आयोजित ऑडिट सप्ताह-2022 में शामिल हुई। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक एवं उनके क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यों को संवेदनशील बताया। विभाग के कार्यों को अति महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इस विभाग की ईमानदारी पर ही देश एवं राज्यों के आर्थिक सुदृढ़ता एवं विकास निर्भर करता है। उन्होंने सेवानिवृत्त पेंशनधारियों के संबंध मं कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद समय पर सभी को पेंशन की राशि मिलने की प्रक्रिया प्रारंभ होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के बेहतर विकास के लिए, केंद्र सरकार द्वारा आंबटित राशि के शत प्रतिशत उपयोग करने का भी आग्रह किया।




राज्यपाल सुश्री उइके ने कार्यक्रम के अवसर पर बताया कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय एवं उसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रीय कार्यालयों के द्वारा राज्य के विभिन्न लेखाओं, न्यायाधीशों, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों, लोकायुक्तों एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों के साथ विभिन्न संस्थाओं के लेखाओं का संधारण किया जाता है। राज्यपाल ने इनके कार्यों को बहुत महत्वपूर्ण बताया। सी.ए.जी. की रिपोर्ट केन्द्र में संसद एवं राज्य में विधान सभाओं के समक्ष रखी जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर संसद की विभिन्न समिति अपने सुझाव सदन के पटल पर रखती है। परिणामतः प्रशासन में कार्य-कुशलता, पारदर्शिता एवं उत्तर दायित्व की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि इन लेखा परीक्षण का उद्देश्य पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ, लाभार्थियों तक पहुंचाना है। राज्यपाल ने भारत जैसे संसदीय लोकतंत्र एवं संघात्मक व्यवस्था वाले देशों में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जैसी संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसकी महत्ता को देखते हुए ही, हमारे संविधान के निर्माताओं ने, संविधान में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की स्वतंत्र भूमिका निर्धारित की है।

राज्यपाल ने विश्वास जताया कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्था, संविधान द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों का निर्वहन और भी अधिक सक्रिय होकर करती रहेगी। साथ ही आशा व्यक्त की कि यह संस्था विभिन्न सामाजिक सेवाओं एवं कार्यक्रमों के वितरण को, कुशलता पूर्वक और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों का, कई बार विभिन्न कारणों से समय पर पेंशन प्रारंभ नहीं हो पाता है जिससे उन्हें कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी का पेंशन समय पर प्रारंभ होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आडिट रिपोर्ट में अक्सर, अनुसूचित क्षेत्र को आबंटित केंद्र की विशेष राशि का शत् प्रतिशत उपयोग नहीं होता है। राज्यपाल ने आग्रह किया इन क्षेत्रों के बेहतर विकास के लिए इस राशि को पूर्ण उपयोग करें।

आडिट सप्ताह कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही विभाग द्वारा निबंध, मैराथन जैसे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। राज्यपाल ने इस अवसर पर विभिन्न विजित प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रधान महालेखाकार ( लेखा एवं हकदारी ) छत्तीसगढ़ पीसी मांझी, छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा, प्रधान लेखाकार (लेखा परीक्षा) यशवंत कुमार एवं महालेखाकार कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### गौरव का विषय है कि सीएजी संस्था की विश्वसनीयता और मजबूती बढ़ रही है

उन्होंने कहा कि आडिट रिपोर्ट के आधार पर ही राज्य एवं देश की आर्थिक सुदृढ़ता एवं विकास की दशा एवं दिशा तय होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी अधिकारी -कर्मचारी सावधानी एवं पूरी ईमानदारी और लगन से इस कार्य को करते हैं। जिससे आज हमारा देश एवं राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि सी.ए.जी. संस्था की विश्वसनीयता और मजबूती हमारे देश के साथ ही देश के बाहर भी बढ़ रही है। सी. ए. जी. विभिन्न अन्य देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों जैसे डब्ल्यू.एच.ओ., यू.एन. इत्यादि का लेखा परीक्षण कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सी.ए.जी. संस्था की इस उपलब्धि को उन्होंने प्रशंसनीय बताया। राज्यपाल ने कहा कि सी.ए.जी. द्वारा स्थानीय निकाय लेखा परीक्षा को सुदृढ़ करने का निर्णय स्थानीय निकायों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम है। यह स्थानीय निकायों को सुदृढ़ करते हुए निचले स्तर पर होने वाले विकास कार्यो को गति प्रदान करेगा।

## संस्कृत विद्यामण्डलम् अध्यक्ष की योग आयोग के अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विद्यामण्डलम् के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। अध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा ने प्रदेश में संचालित संस्कृत विद्यालयों में योग के पाठ्यक्रम और आयुर्वेद विषय के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की। साथ ही योग आयोग के अध्यक्ष को कक्षा 6वीं से 8वीं तक व्यवसायिक की पुस्तकें, कक्षा 9वीं से 12वीं तक योगदर्शन और कक्षा 9वीं से 12वीं तक आयुर्वेद की पुस्तकें भेंट कर पुस्तक से संबंधित पाठ्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। योग आयोग के अध्यक्ष द्वारा संस्कृत विद्यामण्डलम् के अध्यक्ष को योग पथ प्रदर्शिका एवं वार्षिक प्रतिवेदन की प्रतियां भेंट की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद साहू और योग आयोग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर में पक्षी सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ

**कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर में पक्षी सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ**

**11 राज्यों के 56 पक्षी विशेषज्ञ कार्य को देंगे अंजाम, तीन दिन तक चलेगा सर्वे**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** जैव विविधताओं से परिपूर्ण और अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर में पहली बार हो रहे कांगेर घाटी पक्षी सर्वेक्षण का कार्य आज से शुरू हो गया है। पक्षियों के रहवास के लिए अनुकूल जगह मानी जाने वाली इस घाटी में पक्षी सर्वेक्षण का कार्य कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा बर्ड कॉउंत इंडिया एवं बर्ड एंड वाइल्ड लाइफ ऑफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से 25 नवंबर से 27 नवंबर 2022 तक किया जाएगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान निदेशक ने बताया कि इस सर्वेक्षण में देश के 11 राज्यों के 56 पक्षी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन में सहायता होगी तथा ईको-टूरिज्म में बर्ड वॉचिंग के नए आयाम सम्मिलित होंगे।


कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में विशेषज्ञों द्वारा देश के विभिन्न परिदृश्यों में पाए जाने वाले पक्षियों का कांगेर घाटी से संबंध एवं उनके रहवास को समझने का प्रयास समय-समय पर किया जाता रहा है। यहां भारत के पश्चिमी घाट एवं पूर्वीय हिमालय में पाए जाने वाले पक्षियों को भी देखा गया है। आज छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, राजस्थान से प्रतिभागी इस पक्षी सर्वेक्षण में शामिल होने फॉरेस्ट ट्रेनिंग स्कूल पहुंचे। कांगेर घाटी के अलग-अलग ट्रेल में ये पक्षी विशेषज्ञ अब 27 नवंबर तक पक्षी सर्वेक्षण का कार्य करेंगे। 03 दिन तक ये कांगेर घाटी के अलग-अलग पक्षी रहवासों का निरीक्षण कर यहां पाई जाने वाली पक्षियों का सर्वेक्षण करेंगे। आज सीसीएफ इंद्रावती टाइगर रिजर्व फिल्ड निर्देशक श्री अभय श्रीवास्तव, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान निदेशक एवं एसडीओ द्वारा छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाली 167 पक्षी प्रजातियों की जानकारी से संबंधित पॉकेट गाइड का विमोचन भी किया गया।

# जल जीवन मिशनः राज्य में 16.68 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपुर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अंतर्गत अब तक 16 लाख 68 हजार 951 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 43 हजार 844 स्कूलों, 41 हजार 661 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 17 हजार 278 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रति व्यक्ति, प्रति दिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत



घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था भी की जा रही है।

जल जीवन मिशन संचालक टोपेश्वर वर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सोलर आधारित, रेट्रोफिटिंग, मल्टी विलेज और सिंगल विलेज योजनाओं को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी प्रगतिरत कार्य की अद्यतन जानकारी आईएमआईएस पोर्टल में इन्द्राज करना सुनिश्चित करने भी कहा है।

जल जीवन मिशन के तहत जांजगीर-चांपा जिलें में सर्वाधिक 1 लाख 45 हजार 113 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। राजनांदगांव जिलें में 1 लाख 21 हजार 653, रायपुर जिलें में 1 लाख 1 हजार 551, रायगढ़ जिलें में 1 लाख 697, धमतरी जिले में 99 हजार 319, बलौदाबाजार-भाटापारा में 83 हजार 1426, बेमेतरा 79,014, कवर्धा 80 हजार 619, दुर्ग 75 हजार 341, बिलासपुर जिले में 76 हजार 147 और महासमुंद जिलें में 73 हजार 281 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसी तरह गरियाबंद 62 हजार 880, बीजापुर 18 हजार 556, कांकेर 53,030, नारायणपुर 10 हजार 140, मुंगेली में 58 हजार 731, बालोद में 61 हजार 244, दंतेवाड़ा में 17 हजार 130, कोण्डागांव में 36 हजार 858, बस्तर में 47 हजार 622, कोरिया में 38 हजार 025, सुकमा में 16 हजार 455, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 17 हजार 344, सूरजपुर में 37 हजार, जशपुर में 44 हजार 421, कोरबा में 42 हजार 739, बलरामपुर में 36 हजार 648 और सरगुजा जिले के 34 हजार 241 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

# समर्थन मूल्य पर 16.73 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। 25 नवंबर तक किसानों से 16 लाख 73 हजार 370 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में किसानों को 34 करोड़ 81 लाख 65 हजार रूपए का भुगतान भी बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है। धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए इस साल राज्य सरकार द्वारा किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था के चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन करने लगे हैं। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों द्वारा मैन्युअल रूप से किसानों को टोकन जारी करने की व्यवस्था पूर्व वर्षों की भांति जारी है।

खाद्य सचिव टीके वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है। आज की स्थिति में 11.53 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किया गया है, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 7.23 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















### ज्यादा पानी पीने से हो सकती हैं गंभीर बीमारियां

# बचने के लिए करें ये काम

कहते हैं पानी सबकी सेहत के लिए जरुरी है, हालांकि अधिक पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको बता दें कि शरीर की सभी कोशिकाओं और अंगों को ठीक से काम करने के लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन ज्यादा पानी पीने से स्वस्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है, जिसे मेडिकल की भाषा में ओवरहाइड्रेशन कहा जाता है। जी हाँ और यह एक तरह का मानसिक रोग भी है, जिसमें इन्सान ज्यादा पानी पीने लगता है। आपको बता दें कि इसका सीधा असर गुर्दे पर पड़ता है और उन लोगों के लिए परेशानी बढ़ जाती है, जिनके गुर्दे पानी को शरीर से बाहर नहीं निकाल पाते हैं।



### ज्यादा पानी पीने के नुकसान

डॉक्टर्स के अनुसार ज्यादा पानी पीने से शरीर में नमक और इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा कम हो जाती है। इससे वॉटर इंटोक्सिकेशन नामक बीमारी हो जाती है। पेट फूल जाता है और बार-बार उल्टी आती है। केवल यही नहीं बल्कि इसके कारण सिर दर्द भी होता है। स्थिति बिगड़ने पर मरीज बेहोश हो सकता है। उसे मिर्गी का दौरा पड़ सकता है। केवल इतना ही नहीं बल्कि वह कोमा में भी जा सकता है। हार्ट फेल हो सकता है। गुर्दे काम करना बंद कर सकते हैं। जी हां और यह स्थिति डायबिटीज के मरीजों के लिए और खतरनाक बन सकती है। महिलाएं जरूरत से ज्यादा पानी पीती हैं तो उनमें हार्मोंस गड़बड़ा सकते हैं। ब्लड प्रेशर हाई हो सकता है। सांस लेने में परेशानी हो सकती है। साथ ही मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन हो सकती है। जी दरअसल बुजुर्गों के लिए ज्यादा पानी पीना और नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि उन्हें बार-बार बाथरूम जाना पड़ सकता है।

### क्या हैं बचने के उपाय

बचने के लिए जबरदस्ती पानी न पिएं। शरीर की जरूरत को समझें, इसका मतलब है पानी तभी पिएं जब प्यास लगे। जी हाँ क्योंकि ज्यादा पानी पीने की स्थिति उन लोगों के साथ बनती हैं जो लंबे समय तक व्यायाम करते हैं। इसी के साथ ही खिलाड़ियों में भी ऐसा होता है। इनके लिए पानी के बजाए स्पोर्ट्स ड्रिंक्स बेहतर विकल्प हो सकता है। इन ड्रिंक्स में शुगर के साथ पोटेशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी होते हैं जो पसीने के जरिए शरीर से बाहर भी निकलते रहते हैं। वहीं ठंड के दिनों में ज्यादा पानी पीने से बचें, क्योंकि इन दिनों में शरीर को उतनी जरूरत नहीं होती।

अगर ज्यादा पानी पीने से मरीज बेहोश होने लगा है या इसका असर उसकी याददाश्त पर पड़ रहा है तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए। जी हाँ और व्यक्ति का वजन भी तय करता है कि उसे दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए। जी हाँ, इसके बारे में अपने डॉक्टर से पूछें। खाने के तुरंत बाद ज्यादा पानी पीने से पाचन क्रिया गड़बड़ा सकती है।

# लिपस्टिक लगाने से इन गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकती हैं आप



लिपस्टिक लगाना महिलाओं को बहुत पसंद होता है। जी हाँ और महिलाएं अपने ड्रेस, अवसर, मूड और स्टाइल के अनुसार लिपस्टिक का कलर चुनना पसंद करती हैं। हालाँकि कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स स्किन को बहुत ही ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जी हाँ और लिपस्टिक के साइड इफेक्ट आपके लिए जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लिपस्टिक होंठों पर लगाई जाती है और खाना खाते समय यह मुंह के रास्ते सीधे शरीर के अंदर जाती है। आपको बता दें कि इससे हानिकारक केमिकल्स सीधे पाचन तंत्र में पहुंच सकते हैं। अब आज हम आपको बताते हैं लिपस्टिक कैसे आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाती है।

### लिपस्टिक खरीदते समय इंग्रेडिएंट्स की जांच करें

शरीर में मैंगनीज, कैडमियम, क्रोमियम और एल्युमीनियम एक साथ मिल जाएं तो यह बहुत नुकसान करते हैं। जी दरअसल लिपस्टिक लगाकर खाना खाने से इन सभी तत्वों के शरीर में जाने की, वह भी एक साथ प्रवेश करने की संभावना बढ़ जाती है। इसी के साथ लिपस्टिक खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसमें ये चीजें बिल्कुल भी न हों।

### लिपस्टिक लगाने के नुकसान

- ज्यादातर लिपस्टिक में लेड पाया जाता है। लेड शरीर के लिए बहुत हानिकारक होता है। जी हां और इससे हाई ब्लड प्रेशर और कई हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।
- लिपस्टिक में कई तरह के प्रिजरवेटिव होते हैं जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं और अगर इनकी मात्रा ज्यादा हो तो कैंसर होने का खतरा हो सकता है। पैराबेन एक ऐसा प्रिजर्वेटिव है, जिसे कैंसर के लिए जिम्मेदार माना जाता है। इसके कारण महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की समस्या देखने को मिल रही है।
- इसके आलावा बिस्मथ ऑक्सीक्लोराइड का इस्तेमाल लिपस्टिक में प्रिजर्वेटिव के तौर पर किया जाता है। जी दरअसल इससे कैंसर होने का भी खतरा रहता है।
- इसके अलावा अगर आप गर्भवती हैं, तो हर समय लिपस्टिक लगाने से बचें।

### लिपस्टिक लगाते समय अपनाएं ये टिप्स

- लिपस्टिक खरीदते समय डार्क शेड्स लेने से बचें क्योंकि डार्क शेड्स में हैवी मेटल्स ज्यादा होते हैं।
- लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर घी या पेट्रोलियम जेली का बेस लगाएं। ऐसा होने से दुष्प्रभाव कम होते हैं।
- स्थानीय ब्रांड सस्ते हो सकते हैं, लेकिन वे आपके होठों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- लिपस्टिक अच्छे ब्रांड की ही खरीदें।
- लिपस्टिक के कारण होने वाले पिगमेंटेशन को दूर करने के लिए अपने होठों को चीनी और शहद से स्क्रब करें।

# रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस का दूसरा सीजन लेकर लौटेंगे अजय देवगन



अजय देवगन की वेब सीरीज रूद्रः द एज ऑफ डार्कनेस का दूसरा सीजन आने वाला है। पहला सीजन देखने के बाद प्रशंसकों को रूद्र 2 का इंतजार था, जो अब खत्म होने वाला है। सीरीज के निर्माता ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। इसमें अजय का अभिनय और अंदाज दर्शकों को बेहद पसंद आया था। अब फिर वह अपने उसी अवतार में डिजिटल जगत में वापसी करने वाले हैं।

रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस के निर्माता समीर नायर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर रुद्र के दूसरे सीजन के साथ वह जल्द ही वापसी करेंगे। समीर ने कहा, दूसरा सीजन लाने का इरादा तो पहले से ही था। हमारे पास एक शानदार आइडिया है। उस पर काम जारी है। अब मुझे ओटीटी प्लेटफॉर्म से इस बारे में बातचीत करनी है। उम्मीद है जल्द ही दूसरा सीजन आपके बीच होगा।

बता दें कि समीर नायर अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ भी हैं। अजय की रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस के अलावा उनकी प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले स्कैम 1992, क्रिमिनल जस्टिस, भौकाल और अब तनाव जैसी कई वेब सीरीज का निर्माण किया जा चुका है।

सीरीज में अजय ने डीसीपी रूद्रवीर सिंह का किरदार निभाया था, जो अपराधियों के दिमाग तक पहुंचने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। इसमें राशि खन्ना, ईशा देओल, अश्वनी कलसेकर, अतुल कुलकर्णी और आशीष विद्यार्थी जैसे कलाकार भी नजर आए। ईशा ने अजय की पत्नी शैला का किरदार निभाया, जो तलाक दिए बगैर किसी और के साथ लिव इन में है, वहीं राशि खन्ना (आलिया चौकसी) को सीरीज की पहली किलर के रूप में दिखाया गया।

रूद ब्रिटिश सीरीज लूथर का हिंदी रीमेक है। इसका पहला सीजन 2010 में आया था, जिसमें अभिनेता इदरिस एल्बा मुख्य भूमिका में थे। रूद्र राजेश मापुस्कर की पहली थ्रिलर सीरीज है। इसमें कुल छह एपिसोड हैं और हर एपिसोड में रूद्रा नए मामले की गुत्थी सुलझाता दिखता है। एपिसोड दर एपिसोड उसकी निजी जिंदगी की परतें भी खुलती रहती हैं। यह सीरीज इस साल 4 मार्च को डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।

# 'पठान' में शाहरुख खान की भूमिका हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज से करती है कनेक्ट

फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के मुताबिक, बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'पठान' हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज से बहुत ज्यादा कनेक्ट करती है। सिद्धार्थ ने कहा, जब कोई हमारे देश के सबसे बड़े नायकों में से एक, शाहरुख खान के साथ भारत की एक्शन फिल्म बनाने के लिए तैयार होता है, तो आपके पास एक चैंपियन टीम होनी चाहिए।

शुक्र है कि हमें एक ए-टीम मिली जो पठान के साथ न्याय कर सके और मुझे केसी ओ'नील जैसे व्यक्ति को पाकर खुशी हुई, जिन्होंने टॉम क्रूज के साथ काम किया है।

एमी पुरस्कार-नामांकित केसी, हॉलीवुड में सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशकों में से एक के रूप में माने जाते हैं। जैक रीचर, मिशन इम्पॉसिबल सीरीज की फिल्मों, 'टॉप गनः मेवरिक' जैसी फिल्मों में टॉम क्रूज के मौत को मात देने वाले स्टंट के पीछे के दिमाग हैं और उन्होंने मार्वल के साथ भी काम किया है।

# डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्पर्स नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज



स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स की शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री द एलीफेंट व्हिस्पर्स का प्रीमियर 8 दिसंबर को होगा।सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित डॉक्यूमेंट्री फेस्टिवल- डीओसी एनवाईसी 2022 फिल्म फेस्टिवल 10 नवंबर को शॉर्ट वृत्तचित्र को पिछले सप्ताह यू.एस. में प्रदर्शित किया गया था। डीओसी एनवाईसी सांस्कृतिक बदलाव का जश्न मनाता है और इसका समर्थन करता है कि कैसे डॉक्यूमेंट्री स्टोरीटेलिंग पहले की तरह फल-फूल रही है।

द एलिफेंट व्हिस्पर्स एक स्वदेशी जोड़े की दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिन्हें देखभाल के लिए एक अनाथ हाथी रघु दिया गया है। कहानी युगल की यात्रा का अनुसरण करती है क्योंकि वे रघु की देखभाल और अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम करते हैं। लघु वृत्तचित्र खूबसूरती से इस कहानी को पिरोती है कि कैसे युगल समय के दौरान राजसी प्राणी के प्यार में पड़ जाते हैं। दक्षिण भारत के जंगली स्थानों में जीवन की पृष्ठभूमि के खिलाफ सेट, द एलिफेंट व्हिस्पर्स विदेशी वन्य जीवन, अविस्मरणीय जंगली स्थानों और इस स्थान को साझा करने वाले लोगों और जानवरों की सुंदरता पर प्रकाश डालता है।

निर्माता गुनीत मोंगा ने साझा किया, यह दिल को छू लेने वाला है और दक्षिणी भारत में वन्य जीवन और जंगली स्थानों की सुंदरता के साथ-साथ इस ग्रह पर न केवल प्रकृति बल्कि अन्य जीवित प्राणियों के साथ साझा किए गए सुंदर संबंध को उजागर करता है। यह लघु वृत्तचित्र कार्तिकी गोंसाल्वेस के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। लघु वृत्तचित्र का निर्माण सिख्या एंटरटेनमेंट के बैनर तले गुनीत मोंगा और अचिन जैन द्वारा किया गया है।

# ग्रीन आउटफिट में शिल्पा शेट्टी ने टोंड लेग्स की फ्लॉन्ट



फिल्म प्रोड्यूसर राज कुंद्रा की पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी आज एक जाना माना नाम है। कई रियलिटी शोज में वो जज की भूमिका में नजर आ चुकी हैं। साथ ही अपनी सोशल मीडिया पर भी एक्ट्रेस काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं। वहीं, एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ग्रीन कलर के आउटफिट में बेहद ही सुंदर और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। शिल्पा शेट्टी अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा रही हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। शिल्पा ने कुछ महीने पहले ही अपना 47वां जन्मदिन मनाया है। लेकिन, फिटनेस फ्रीक शिल्पा को देखकर कोई उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता है। शिल्पा शेट्टी योग का काफी महत्व देती हैं। साथ ही वो इंस्टाग्राम पर योग करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं। फिटनेस और खूबसूरती में कई लड़कियां उन्हें अपना रोल मॉडल मानती हैं। साथ ही उनके फिटनेस टिप्स को फॉलो करती हैं। शिल्पा शेट्टी की तस्वीरों पर फैंस अपना ढेर सारा प्यार लुटाते हैं। साथ ही उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के इंस्टाग्राम पर 27.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# 'लॉस्ट' में भूमिका निभाने के दौरान लेस इज मोर के सिद्धांत का पालन कियाः यामी गौतम



अभिनेत्री यामी गौतम ने कहा है कि हिंदी फिल्म लॉस्ट में मुख्य भूमिका निभाने के दौरान उन्होंने लेस इज मोर के सिद्धांत का पालन किया, जो उनके अनुसार बहुत चुनौतीपूर्ण था। यह बयान अभिनेत्री ने बुधवार को गोवा में चल रहे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में टेबल टॉक कार्यक्रम में दिया।

फिल्म में नायिका की भूमिका निभाने का अपना अनुभव बताते हुए यामी ने कहा कि जब ऐसा किरदार आपके सामने आता है तो उसे निभाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा, कभी-कभी हमें लगता है कि लेस इज मोर के सिद्धांत का मैंने पालन किया। मैंने वास्तव में फिल्म में चरित्र को चित्रित करने की कोशिश नहीं की।

मैं चरित्र के अंदर ही थी, जैसा वह है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित, लॉस्ट एक युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है जो एक युवा थिएटर कलाकार के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की अथक खोज में है। इस फिल्म को आईएफएफआई में दिखाया गया। उन्होंने कहा कि, यह स्टूडियो आधारित फिल्म नहीं है, यह वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित कहानी है।

आपको कहानी में कूदना है, चरित्र के हर बिट को महसूस करना है, जो हमारे आत्म-अनुभव और हमारे आसपास की दुनिया के साथ प्रतिध्वनित होता है।निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने कहा कि लॉस्ट फिल्म व्यावहारिक रूप से मीडिया की अखंडता के मुद्दे पर प्रकाश डालती है। यामी के चरित्र के बारे में अधिक जानकारी देते हुए, अनिरुद्ध रॉय ने कहा कि यह एक बहुत ही गहन आंतरिक संघर्ष है जिससे चरित्र गुजरता है।

उन्होंने कहा, कुछ भूमिकाओं में, बहुत सारे संवाद और तत्व हैं जिन्हें आपको करने की आवश्यकता है, लेकिन यह सिर्फ एक चरित्र नहीं है, यह दृढ़ विश्वास और प्रतिबद्धता है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### आयुक्त पहुंचे ठगड़ाबांध, अधिकारियों को दिए निर्देश

**दुर्ग।** नगर निगम प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, भवन अधिकारी प्रकाश चंद थवानी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता पंकज साहू और ठेकेदारों के साथ ठगड़ा बांध निर्माण व सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यहां चौपटी का भी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि फूड जोन में विविध तरह का आप्शन उपलब्ध होने से यहां सैर सपाटा के लिए आने वाले लोग आनंद भी उठा सकेंगे। प्रशिक्षु आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने अधिकारियों के साथ पहुंचकर ठगड़ा बांध में चल रहे निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य का जायजा लिया। आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि ठगड़ा बांध का लोकेशन बहुत शानदार है। इसके बगल में जैव विविधता पार्क है। सुबह और शाम का समय गुजारने के लिए यह बेहद आदर्श स्थल साबित होगा। यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए यह सुकून का अनुभव हो और वह शाम बिताने बार-बार यहां आना चाहे इसके लिए लैंडस्कैपिंग बेहद खास रखें। आयुक्त ने कहा कि किसी भी सरोवर का सबसे खास हिस्सा उसका आइलैंड होता है अतः इसके लैंडस्कैपिंग पर विशेष रूप से ध्यान दें। इसके निर्माण में अन्य उद्यानों में जिस तरह से खूबसूरत प्रयोग किए गए हैं उनका भी ध्यान रखें। लाइटिंग की व्यवस्था शानदार हो ताकि शाम के वक्त लाइटिंग तथा शानदार लैंडस्कैपिंग से पूरा व्यू निखर जाए। एप्रोच ब्रिज का किया जा रहा निर्माण,निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लैंड स्कैपिंग के लिए विशेष रुप से ध्यान दिया जा रहा है।

### निधन

**श्रीमती सतरूपा बाई देवांगन**



**भिलाई।** सनातन नगर कोहका निवासी श्रीमती सतरूपा बाई देवांगन उम्र 66 वर्ष का निधन आज 26 नवंबर 2022 को हो गया है। वे अपने पीछे पति कन्हैया लाल देवांगन, पुत्र ओमप्रकाश देवांगन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार आज रामनगर मुक्तिधाम में विधिविधान से किया।

# नसिया तीर्थ में 2 से 8 दिसम्बर तक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव

**देशभर से जुटेंगे जैन समाज के लोग**

**चंद्रप्रभ भगवान की विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा का होगा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा**

**आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में 27 मुनि करवाएगें रस्म पूरी**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** दुर्ग के शिवनाथ नदी तट स्थित दिगम्बर जैन समाज के नसिया तीर्थ में 1008 चंद्रप्रभ भगवान जी की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा किया जाएगा। चंद्रप्रभ भगवान की करीब 21 फीट ऊंची यह प्रतिमा विश्व की सबसे बड़ी प्रतिमा हैं। जिसके प्राण-प्रतिष्ठा के लिए दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायत द्वारा आगामी 2 से 8 दिसम्बर तक मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं सर्वसिद्धी प्रदायक विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया हैं। यह महामोहत्सव 108 आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में संपंन्न होगा। जिसमें आचार्य के साथ 27 मुनी सहयोगी रहेंगे। दुर्ग शहर के गौरव मुनि 108 सुयश सागर महाराज जी व 108 मुनि अराध्य सागर महाराज जी पंचकल्याणक महोत्सव का हिस्सा बनेगे। सप्ताहभर चलने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव की शुरूवात 2 दिसम्बर की सुबह आचार्य विशुद्ध सागर ससंघ के नसिया तीर्थ में मंगल प्रवेश के साथ होगा। वे सुबह 7 बजे दिगम्बर जैन खंडेलवाल भवन से भव्य शोभायात्रा के साथ नसिया तीर्थ पहुंचेगे। 3 दिसम्बर से 8 दिसम्बर के बीच पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव में पाषाण को भगवान बनाने आचार्य द्वारा गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान व मोक्ष कल्याणक की रस्म पूरी करवाई जाएगी। इसके अलावा सर्वहारा वर्ग के खुशियाली के लिए विश्वशांति महायज्ञ किया जाएगा।

यह सम्पूर्ण धार्मिक कार्यक्रम करीब 3 एकड़ भूमि में फैले नसिया तीर्थ स्थल में होगा। महामहोत्सव में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनुसूईया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद सरोज पाण्डेय, विजय बघेल, विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा देशभर से सकल जैन समाज के लोग पंचकल्याणक महामहोत्सव में शामिल होंगे। यह बाते मज्जिनेन्द पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव समिति के सह संयोजक संदीप लुहाडिया व दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायत अध्यक्ष राकेश छाबड़ा ने शुक्रवार को मीडिया से संयुक्त चर्चा में कही। इस दौरान समिति के संयोजक सजल काला, प्रचार प्रसार प्रभारी सुनील गंगवाल, दिलीप बाकलीवाल, पंकज छाबड़ा, मनोज बाकलीवाल, अनिल गंगवाल, सुरेन्द्र पाटनी, दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी, सुरेश जैन, रमेश सेठी, कैलाश बाकलीवाल विमल बड़जात्या महेन्द्र पाटनी, मनीष बड़जात्या दिगम्बर जैन मंदिर पद्मनाभपुर अध्यक्ष राकेश जैन, अभिषेक जैन भी मौजूद थे।

**भिलाई के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए दोहरी खुशी**

# आया वेतन, महंगाई भत्ते में भी हुई वृद्धि बढ़े हुए वेतन का मिल रहा है लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए दोहरी खुशी का पल है, आज भिलाई निगम के अधिकारी और कर्मचारियों के खातों में सैलरी आ गई है, वह भी निगम के खुद के राजस्व की आय से सैलरी का भुगतान किया गया है, यह बड़ी बात है। राजस्व वसूली में तेजी हुई है, कुर्की का अभियान भी जारी है। निगम लगातार राजस्व बढ़ाने पर जोर दे रहा है, इसी कड़ी में वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत संपत्ति सर्वे का कार्य किया जाएगा, संपत्ति का ड्रोन सर्वे भी होगा और जीआईएस मैप तैयार कर डिजिटल डोर नंबर जारी किया जाएगा।




इससे निगम के राजस्व में अच्छी खासी वृद्धि होगी और अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन भुगतान में समस्या नहीं आएगी। भिलाई में संपत्ति के सर्वे कार्य के लिए एजेंसी भी तय हो गई है, शीघ्र ही इस पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उपायुक्त नरेंद्र बंजारे ने बताया कि जीआईएस मैप से कोई भी भवन इससे अछूते नहीं रहेंगे, उनका एरिया, लोकेशन, क्षेत्रफल सभी की जानकारी इससे मिल जायेगी, स्व विवरणी की जांच में भी आसानी होगी, गलत स्व विवरणी देने वाले इसके दायरे में आ जायेंगे और इनसे वास्तविक एरिया के मुताबिक वसूली की जाएगी।

5% डीए में हुआ इजाफा, बढ़ा अधिकारी/कर्मचारियों का वेतन भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को इस महीने के वेतन में बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता जुड़कर मिलेगा। अक्टूबर माह की सैलरी में इजाफा हुआ है, 5% महंगाई भत्ता का तोहफा अधिकारी/कर्मचारियों को मिला है, इसके साथ ही महंगाई भत्ता अब 33% की दर से सातवां वेतनमान प्राप्त करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि अधिकारी/कर्मचारियों को वेतन देने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास प्रयासरत थे, लगातार राजस्व वसूली को बढ़ाने पर जोर दिया गया, जिसके चलते निगम के राजस्व से ही अधिकारी/कर्मचारियों का भुगतान संभव हो पाया है। निगम के कर्मचारी संघ ने इस पर महापौर एवं आयुक्त का आभार जताया है।

कैसे बढ़ेगा राजस्व, निगम ने बनाया एक्शन प्लान, राजस्व वसूली के लिए निगम ने उठाए ये महत्वपूर्ण कदम राजस्व वसूली के लिए निगम ने एक्शन प्लान तैयार किया है, जिससे निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को वेतन देने के साथ ही विकास कार्यों को बल मिलेगा। भिलाई निगम राजस्व को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अब इस प्रक्रिया में भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवनों/भूमियों पर संपत्तिकर/समेकित कर स्व निर्धारण प्रक्रिया के अंतर्गत लिया जा रहा है। निर्माणाधीन आवासीय एवं व्यवसायिक कांप्लेक्स जैसे-जैसे पूर्ण हो रहे हैं इनका संपत्तिकर, समेकितकर स्व विवरणी के माध्यम से जमा कराने का काम किया जा रहा है। निगम क्षेत्र में ऐसी खुली भूमि जिसका आवासीय या व्यवसायिक व अन्य प्रयोजन के लिए डायवर्सन हो चुका है ऐसे खुली भूमि में भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने के पूर्व डायवर्सन के पश्चात वर्ष से संपत्ति कर निर्धारण कर जमा कराया जा रहा है।

# जिला अस्पताल में जल्द मुहैया होगी सीटी स्कैन की सुविधा, सेटअप का काम शीघ्र शुरु होगा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** जिला अस्पताल को जल्द ही एक और सुविधा मिलेगी। यहां पर सीटी स्कैन का सेटअप जल्द ही स्थापित किया जाएगा, जिससे मरीजों का परीक्षण जिला अस्पताल में ही उपलब्ध हो सकेगा। कलेक्टर श्री पी एस एल्मा ने आज सुबह 9.00 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सीटी स्कैन के सेटअप हेतु निर्धारित स्थल का अवलोकन किया तथा सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री एल्मा आज सुबह जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर न्यू वार्ड का निरीक्षण किया। दरअसल न्यू वार्ड के पेइंग रूम में सीटी स्कैन का सेटअप इंस्टाल किया जाना है।

इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित एजेंसी को जल्द को जल्द से जल्द सेटअप स्थापित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत से जिला अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक वाली सीटी स्कैन मशीन स्थापित की जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए के टोंडर, थापा सहित अस्पताल स्टाफमौजूद रहे।

# नई चेतना'अभियान के राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम में 'बिहान' की महिलाओं ने दी सक्रिय सहभागिता

**धमतरी की चन्द्रिका ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन किया तो बस्तर की गायत्री को मिला आभार प्रदर्शन का मौका**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** लैंगिग भेदभाव के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान नई चेतना के आज नई दिल्ली में शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता दी।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री श्री गिरिराज सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न शुभारंभ कार्यक्रम में धमतरी की चन्द्रिका साहू ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन किया। बस्तर की गायत्री लोन्हारे को मंच पर आभार प्रदर्शन का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने लैंगिक समानता के लिए अपने काम के अनुभव भी साझा किए। वहीं गरियाबंद के छुरा विकासखंड की रानी परतेवा गांव की हुलसी ध्रुव ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में लैंगिक भेदभाव को दूर करने बस्तर में संचालित जेंडर परिवार चौपाल पर आधारित डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। 'बिहान' के जेंडर संसाधन केंद्रों के माध्यम से प्रदेश भर में महिलाएं परिवार और समुदाय में लैंगिक भेदभाव के विरूद्ध काम कर रही हैं।

लैंगिग भेदभाव के विरूद्ध देशभर में विशेष अभियान नई चेतना - पहल बदलाव की 25 नवम्बर से 23 दिसम्बर तक संचालित की जा रही है। आज नई दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इसके शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्रीद्वय श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और साध्वी निरंजन ज्योति तथा केंद्रीय पंचायतीराज राज्य मंत्री श्री कपिल मोरेश्वर पाटिल भी मौजूद थे। देशभर से पहुंची राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

महिला समूह से जुड़ी बस्तर की सुकदाई कश्यप, कांकेर की जयंती चक्रधारी, बस्तर के डीपीएम निलेश लखेरा और गरियाबंद के डीपीएम श्री पतंजलि मिश्र भी नई दिल्ली में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अलग-अलग स्थानों से प्रदेश की स्वसहायता समूहों की महिलाएं और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय के अधिकारी भी कार्यक्रम से जुड़े।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक-2022 का जिला स्तरीय एक दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आज सुबह स्थानीय गांधी मैदान एवं क्रीडा परिसर में शुभारम्भ हुआ, जिसमें पांचों विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय के 1400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपने पारम्परिक खेल प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।शुक्रवार को 0 से 18,18 से 40 वर्ष एवं 40 से अधिक आयुवर्ग के महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों ने प्रदेश के पारम्परिक खेल कबड्डी, रस्साकसी, बिल्लस,संखली,गिल्ली-डण्डा,फुगड़ी,बांटी,भंवरा और पिट्ठुल आदि 14 खेलों में अपने जौहर दिखाये।गांधी मैदान में महिला वर्ग के लिए एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के क्रीडा परिसर में पुरूष वर्ग खिलाडियों के बीच विकासखण्डवार व निकायवार प्रतियोगिता कराई गयी,जिसके लिए मैदान में अलग-अलग खेलों के लिए स्थल चिन्हांकित कर प्रतिस्पर्धा कराई जा रही है।उल्लेखनीय है कि ग्रामीण स्तर पर कुल 14 विधाओं में 74 हजार खिलाड़ी भाग लिए। जिसमें से 1400 खिलाड़ी जिला स्तर पर चयनित हुए।इनमें से विजयी खिलाडी संभाग स्तर पर खेलने के लिए क्वालीफाई कर गए हैं।अथितियों ने महिलाओं के रस्सा कस्सी और कब्बडी खेल का आनन्द लिया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर मुख्य अतिथि के तौर पर सभी खिलाडियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया सोच और परम्पराओं को आकार देने की नई पहल की है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक- 202211201500017/अ-06/2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उर्मिला गुप्ता पति स्व. गिरीशचंद गुप्ता जाति बनिया निवासी बाजारपारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला रोजगारपारा स्थित भूमि शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 424/3 क्षेत्रफल 1375 वर्गफीट भूमि राजस्व अभिलेख में ए.एच. मुबारक अली पिता हबीब मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी पल्ला पट्टी अरवाकुरूची तमिलनाडु के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 1375 वर्गफीट भूमि को ई-पंजीयन क्रमांक IN-CG315790165114431 पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक 178 दिनांक 06.07.2022 को क्रय करने के पश्चात भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज करवाने हेतु हल्का, नक्शा, खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 30.11.2022 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.11.2022 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)


# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में आज से पक्षी सर्वेक्षण प्रारंभ हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर मध्य भारत के जैव विविधता का अनोखा खजाना है। कांगेर घाटी अपने प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता, रोमांचक गुफाओं के लिए देश-विदेश में विख्यात है। यहां भारत के पश्चिमी घाट एवं पूर्वीय हिमालय में पाए जाने वाले पक्षियों को भी देखा गया है। देश के विभिन्न परिदृश्यों में पाए जाने वाले पक्षियों का कांगेर घाटी से संबंध एवं उनके रहवास को समझने का प्रयास समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। इसी कड़ी में एक प्रयास कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा बर्ड कॉउंत इंडिया एवं बर्ड्स एंड वाइल्ड लाइफ ऑफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से पक्षी सर्वेक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

पहली बार कांगेर घाटी पक्षी सर्वेक्षण का आयोजन 25 नवंबर से 27 नवंबर 2022 तक किया जा रहा है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान निदेशक धम्मशील गणविर ने बताया कि इस पक्षी सर्वेक्षण में देश के 11 राज्यों के 56 पक्षी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात, केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, राजस्थान से प्रतिभागी इस पक्षी सर्वेक्षण में शामिल होने आज फॉरेस्ट ट्रेनिंग स्कूल में पहुंचे। कांगेर घाटी के अलग-अलग ट्रेल में ये पक्षी विशेषज्ञ अब 27 नवंबर तक पक्षी सर्वेक्षण करेंगे।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### फर्जी ट्रैफिक पुलिस बनकर बाइक सवार को लूटने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे, ढाई साल से फरार था आरोपी

**भिलाई।** फर्जी ट्रैफिक पुलिस का अफसर बनकर बाइक सवार को लूटने वाला शातिर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी पिछले ढाई सालों से फरारी काट रहा था। कुम्हारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बता दें यह घटना 30 दिसंबर 2019 की है। नेहरू नगर निवासी अंकित चक्रवर्ती कुम्हारी टोल नाका ढाबा में खाना खाने पहुंचा था। इस दौरान यहां एक युवक पहुंचा और खुद को ट्रैफिक पुलिस बोलकर गाड़ी गलत जगह पार्क होने की बात कही और 8 हजार का जुर्माना बना दिया। घबराहट में युवक ने 4 हजार रुपए गूगल पे भी कर दिया। यही नहीं फर्जी पुलिस ने युवक का मोबाइल भी छीन लिया था। इसके बाद युवक को लगा कि उससे धोखा हुआ है और इसकी शिकायत कुम्हारी थाने में दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर लगा रखे थे। लगभग ढ़ाई साल बाद पुलिस को आरोपी का सुराग मिला। इस मामले कुम्हारी पुलिस ने प्रेम सिंह निवासी शंकर नगर वार्ड क्रमांक 10 कुम्हारी को गिरफ्तार किया है।

### देर रात सड़क हादसे में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** जिले में सड़क हादसे का ऐसा मामला सामने आया है जिसमें ठोकर मारने वाले वाहन का कुछ पता नहीं चला है। लोगों ने आधी रात को सड़क पर पड़ी लाश देखी जिसका सिर धड़ से अलग हो गया था। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मरच्यूरी भिजवाया। शुक्रवार को शव की शिनाख्त हुई। दरअसल युवक परीक्षा देकर रायपुर से लौट रहा था और हादसे का शिकार हो गया।

चांपा थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे को लेकर पुलिस ने बताया कि रायगढ़ जिले के छोटे मुड़पार का रहने वाला अमर लाल पटेल (34) रायपुर से परीक्षा देकर लौट रहा था। देर रात चांपा रेलवे स्टेशन में उतरने के बाद पैदल जा रहा था। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। आस-पास के लोग जब रात के करीब 12 बजे के आस-पास मौके पर पहुंचे और तब उन्होंने युवक की लाश देखी थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कुछ दूरी पर युवक का एक बैग मिला जिसमें रखे वोटर आईडी कार्ड से मृतक युवक की पहचान हुई।

### रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़ा उठाईगिरी का मास्टर:

# दुर्ग, बिलासपुर सहित कई शहरों में कर चुका है कांड, दुर्ग पुलिस को भी थी तलाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा सहित छत्तीसगढ़ के अलग-अलग शहरों में उठाईगिरी की वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर चोर रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। भाई साहब आपके पैसे गिर गए हैं, इस परमनेंट डायलॉग बोलकर लोगों को गुमराह करता और उनके लाखों रुपए लेकर भाग जाता था। शातिर राजधानी रायपुर में भी ऐसी वारदात को अंजाम दे चुका था। रायपुर पुलिस इस गिरोह के मास्टर माइंड को आंध्रप्रदेश के नेल्लोर से गिरफ्तार कर लेकर पहुंची है।



बता दें बीते कुछ दिनों से शहर के बैंकों के आसपास उठाईगिरी की घटनाएं तेजी से बढ़ गई थी। राजधानी में ATM मेंटनेंस करने वाले नितिन राठौर को इस शातिर ने चूना लगाया था। 9 नवंबर को मैंने मरीन ड्राइव के सामने आईसीआईसीआई बैंक से लगभग 3 लाख रुपए निकालकर नितिन ने बैग में रखा था। केनाल लिंक रोड के पास दो बाइक सवार पहुंचे और बोले आपके पैसे गिर गए हैं। नितिन रुककर गिरे पैसे उठाने लगा इतने में बाइक सवाल उसके स्कूटी से रुपए लेकर फरार हो गए। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस शातिर चोरों की तलाश में लग गई थी।

जांच के दौरान पुलिस ने ऐसे लोगों पर नजर रखे हुई थी। सीसी टीवी फुटेज में भी इनकी तस्वीर आ चुकी थी। पुलिस को इस वारदात में पहले से ही आंध्रप्रदेश के नेल्लोर गैंग पर शक था। पुलिस की एक टीम ने नेल्लोर में ढेरा डाला और यहां उन्हें गोड़ेती सलमान के बारे में पता चला। पुलिस ने गोडेती सलमान को पकड़ा और पूछताछ की तो उसने बताया कि वह अपने तीन साथियों पेटला अरूण, रोटा दासु एवं संजय बाबू के साथ मिलकर उठाईगिरी का काम करता है।

#### दुर्ग में दे चुका है दो वारदातों को अंजाम

पूछताछ में आरोपी रायपुर के साथ ही दुर्ग में दो वारदातों को अंजाम देने की बात मान चुका है। वहीं उसने बिलासपुर व जांजगीर चांपा एक-एक कांड कर चुका है। दुर्ग के गंजपारा स्थित एसबीआई और भिलाई तीन के एसबीआई के सामने ऐसी वारदातें हुई हैं और दुर्ग पुलिस के इस मामले मे आरोपियों की तलाश पहले से थी। रायपुर पुलिस ने आरोपी गोडेती सलमान के पास से 3 लाख 50 हजार रुपए बरामद किए है। उसके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है।

### तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत, हाइवा छोड़ थाने पहुंचा ड्राइवर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। हादसे के बाद हाइवा चालक इतन घबरा गया कि उसने मौके पर हाइवा छोड़ी और सीधे जामुल थाने पहुंच गया। यहां पहुंचकर एक्सीडेंट की जानकारी भी दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास लोगों से मृतक के संबंध में पूछताछ कर रही है। वहीं हाइवा चालक हिरासत में है और पुलिस ने हाइवा को भी जब्त कर लिया है।

जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन ने बताया कि घटना शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे के आसपास की है। पत्थर से भरी हाइवा क्रमांक 04 एमडी 5008 नंदिनी पथरिया रोड से होते हुए एसीसी जामुल की तरफ आ रहा था। इस दौरान सड़क पर अचानक एक युवक सामने आ गया। चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन नहीं लगा। युवक हाइवा की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हाइवा को देवरझाल नंदिनी निवासी कृष्ण कुमार (27) चला रहा था। हादसे के बाद कृष्ण कुमार हाइवा को छोड़ जामुल थाने पहुंचा और हादसे की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्ती का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की भी तलाशी ली लेकिन कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। फिलहाल शव को मरच्यूरी में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है और वाट्सएप के माध्यम से भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### कर्ज से परेशान युवक ने रची लूट की साजिश, एफआईआर के बाद खुला मामला



**रायपुर।** राजधानी में लूट की एक ऐसी घटना का पुलिस ने खुलासा किया जिसमे लूट हुई ही नहीं। दरअसल युवक ने लूट की झूठी कहानी सुनाई और पुलिस ने उसे सच मानकर आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी। हालांकि जांच के बाद मामला पूरी तरह से फर्जी पाया गया। इसके बाद शिकायत कर्ता से कड़ाई से पूछताछ करने पर यह मामला खुला। दरअसल युवक कर्ज से परेशान था और वसूली की रकम दबाने के लिए यह पूरी कहानी बना दी।

राजेन्द्र नगर पुलिस ने बताया कि 24 नवंबर को रावाभांठा मेटल पार्क में उसकी बिस्किट की फैक्ट्री का संचालक दीपेश कोड़वानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसका सेल्समेन निखिल वलेचा 24 नवम्बर को डूमरतराई थोक बाजार अशोक ट्रेडर्स के पास से 92,000 रूपए लेकर निकला था। रास्ते में दो अज्ञात लोगों ने उसके आंख में मिर्ची पाउडर डालकर रुपए लूट लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लुटेरों की तलाश में लग गई।

जांच के दौरान बताए गए जगह पर सीसी टीवी फुटेज जांचने पर ऐसी किसी भी वारदात के कोई सुबूत नहीं मिले। पुलिस को सेल्समेन निखिल वलेचा पर शक हुआ और उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में निखिल वलेचा ने पूरा सच उगल दिया। पुलिस को उसने बताया कि वह कर्ज से परेशान था और इसलिए यह पूरी कहानी बनाई ताकि इन रुपयों से कर्ज चुका सकूं। पुलिस ने आरोपी निखिल वलेचा को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 92 हजार रुपए एक अंगूठी और मोबाइल जब्त किया है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** शादीशुदा होने के बाद भी एक युवक ने नाबालिग बाला को दुल्हन बनाने का दिवास्वप्न दिखाया और धमकाते हुए उसका दैहिक शोषण करने लगा। पीड़िता ने अपने परिवार को आपबीती बताई तो मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने विवाहित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है।

सूत्रों के मुताबिक यह प्रसंग शहर के कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। किरोड़ीमल नगर के पास रहने वाले मृत्युंजय सिंह (30 वर्ष) की शादी हो चुकी है, बावजूद इसके वह अपने से 13 छोटी एक नाबालिग बाला को पत्नी बनाने का झांसा देते हुए प्रेमजाल में फंसाने लगा।

किशोरी जब पहले से विवाहित मृत्युंजय को ऐसी गलत बात से मना करती तो भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और उसको लगातार परेशान करने लगा। इस तरह आशिकी को देख बाली उमर की किशोरी के पांव फिसला तो इसका फायदा उठाते हुए मृत्युंजय ने उससे शारीरिक संबंध बनाया और अपनी हवस मिटाता रहा। किशोरी जब विरोध की कोशिश करती तो युवक उसे घटना के बारे में किसी को बताने के बदले मौत के घाट उतारने की धमकी भी देता रहा।

नतीजतन, लोकलाज के डर से वह चुप रहती। इस तरह सालभर से अधिक समय तक अपनी आबरू से खिलवाड़ सहने वाली किशोरी के सब्र का बांध फूटा तो उसने परिजनों को अपनी दुखभरी कहानी सुनाते हुए रोने लगी। पीड़ित परिवार ने फिर आपसी सलाह मशवरा कर कोतरा रोड थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

चूंकि, पीड़िता नाबालिग है इसलिए हरकत में आई पुलिस ने इस संवेदनशील मामले में भादंवि की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत शादीशुदा मुल्जिम को धरदबोचते हुए उसे रिमांड पर जेल दाखिल कराया है।

#### बिलासपुर में भीषण सड़क हादसा

### मेटाडोर ने बाइक सवार दो लोगों को कुचला भागने के चक्कर में ड्राइवर ने ली दो की जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में एक तेज रफ्तार मेटाडोर की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर शाम की है। मेटाडोर चालक ने पहले एक बाइक सवार को कुचला और भागने के चक्कर में थोड़ी दूर जाकर दूसरे बाइक सवार को चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर शाम मस्तूरी की तरफ से मेटाडोर माजदा क्रमांक सीजी 10 सी 6462 तेज रफ्तार से मल्हार की ओर जा रही थी। उसमें पीछे महिलाएं सवार थीं। मेटाडोर अभी ग्राम टिकारी के पास पहुंची थी, तभी सामने से आ रही बाइक को



टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

#### गाड़ी छोड़कर भाग निकला चालक

पहले बाइक सवार को ठोकर मारने के बाद आरोपी चालक मेटाडोर को रोकने के बजाए और तेजी से भागने लगा। इसी हड़बड़ी में उसने आगे जाकर ग्राम बकरकुदा के पास सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार को ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पीछे बैठे युवक समेत बाइक को मेटाडोर करीब 15 मीटर तक घसीटता रहा। इस घटना में बाइक के पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मेटाडोर को छोड़कर भाग निकला।

#### पुलिस कर रही मामले की जांच

दर्दनाक सड़क हादसे के बाद राहगीरों ने संजीवनी 108 को जानकारी दी। लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक और दोनों शव को मस्तूरी अस्पताल पहुंचाया गया। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर मस्तूरी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपी चालक जल्द ही पकड़ा जाएगा।

### हाइवे से लगी प्रापर्टी अपनों के नाम करने वाले पटवारी पर गिरी गाज, सस्पेंड कर बिठाई जांच

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के पटवारी के पटवारी ने हाइवे से लगी बेशकीमती जमीन का बड़ा फर्जीवाड़ा किया। शिकायत मिलने पर विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर पटवारी लीलाधर डड़सेना को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पटवारी पर विभागीय जांच भी बिठा दी गई है। निलंबन के दौरान अगले आदेश तक पटवारी लीलाधर को मुख्यालय तहसील कार्यालय बागबाहरा तैनात किया गया है।

बता दें पटवारी लीलाधर डड़सेना के खिलाफशिकायत मिलने पर जांच हुई और इसमें पाया गया कि सड़क किनारे पटवारी हल्का नम्बर 33 कोमाखान (आश्रित ग्राम घोयनाबाहरा, घोयनाबाहरा खुर्द, लुकुपाली, कोमाखान, भालुचुंवा) एवं पटवारी हल्का नम्बर 35 (आश्रित ग्राम घोयनाबाहरा, घोयनाबाहरा खुर्द, लुकुपाली, कोमाखान, भालुचुंवा, जुनवानी खुर्द) आदि की जमीन को फर्जी तरीके से अपने व अपने परिचितों के नाम रजिस्ट्री करवाने में सहयोग किया। यह जमीन सरकारी व आदिवासी भूमि की श्रेणी में है और बिना कलेक्टर की अनुमति के इसकी रजिस्ट्री कराई।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य,
आदर्श शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
भिलाई जिला-दुर्ग (छ0ग0)
Skill India कौशल भारत - कुशल भारत
iti Industrial Training Institute
Email - Email -itibhilai1@gmail.com /itibhl@rediffmail.com
क्रमांक-औप्रसं/भिलाई/स्ट्राईव/क्रय-भण्डार/2022/ 106 /दुर्ग दिनांक 08.07.22

Sealed tender is invited for Re-tenendering, Tender name -Toolkit 1 (for Fitter, Electrician and Machinist Trades) of Government Industrial Training Institute Bhilai. Eligible bidders (Manufacturer or their Authorized dealer or suppliers) can download complete set of bidding documents (Including terms & Condition) from the institute Website :- www.itibhilai.in & www.durgnic.in and the payment for which through DD Rs. 1500/- in favour of Principal, Government Industrial Training Institute, Bhilai (C.G.) payable at SBI Camp Area Bhilai DD has to be submitted along with the bid at the time of bid submission.

Tender Detail

| TRADE NAME | TENDER AMOUNT (INR) | EMD |
|---|---|---|
| Toolkit 1 | Rs. 2223193.00 | Rs. 22500.00 |

Important Dats of notice Inviting tender :-
- Date of issue of tender document :- 14-11-22
- Last date and time of submission of tender document :- 03-12-22 Till 02.00 PM
- Bids opening date and time :- 03-12-22 / 04.00 PM

Principal
Model Govt. I.T.I
Bhilai, Durg (C.G.)
G-96140/6

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### ठंड में अलाव जलाने की व्यवस्था किया जाए - बजरंगी लाल सिंह



**भिलाई।** भिलाई युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बजरंगी लाल सिंह के नेतृत्व में नगर निगम भिलाई के आयुक्त को ज्ञापन सौपा गया, विगत हो कि शहर में शीतलहर की शुरुवात हो चुकी है और आम जनता को परेशानी हो रही थी जिसको देखते हुए युवा कांग्रेस भिलाई द्वारा ज्ञापन सौपा गया जिसपर आयुक्त महोदय द्वारा 1 तारीख से इसके व्यवस्था करने की बात कही गयी है, ज्ञापन सौपने वाले में मुख्य रूप से हमारे साथी युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शोएब मोहम्मद खान, उपाध्यक्ष खिरेश्वर ,नितेश लाऊञे,कमल कुमार एवं अन्य साथी उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट कैम्प में 86 आवेदकों का हुआ चयन

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आज दिनांक 25 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें 3 नियोजकों पॉलीबॉन्ड इन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 6 पद के लिये 30 आवेदक साक्षात्कार के लिये उपस्थित हुए। जिसमे 11 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। सच किसान बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड अभिलाषा परिसर न्यू बस स्टैंड बिलासपुर के द्वारा 32 पद के लिये उपस्थित हुए 40 आवेदक साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। जिसमें 15 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया तथा आपोज मार्ट आकाश गंगा सुपेला भिलाई के द्वारा 50 पद के लिये 90 आवेदक साक्षात्कार के लिये उपस्थित हुए। जिसमें 60 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। इस तरह कुल 88 पदों के लिये साक्षात्कार हेतु 160 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें कुल 86 आवेदको को प्रारंभिक रूप से चयन किया गया है।

### नोडल अधिकारी को बनाया गया प्रभारी

**दुर्ग।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दुर्ग के आदेशानुसार नोडल अधिकारियों को विभिन्न कार्यो का प्रभारी बनाया गया है। रिपोर्टिंग हेतु आईडीएसपी नोडल डॉ. एस. के. मेश्राम, शहरी हमर कलीनिक के डॉक्टरों की डयूटी लगाई गई है। प्रबंधन हेतु डॉ एस. के जामगडे की ड्यूटी औषधि एवं अन्य सामग्री प्रबंधन हेतु डीपीएम पद्माकर षिंदे, शासकीय व निजी संस्था की रिपोर्ट एकत्रित कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी को करना रितिका सोनवानी एपिडेमिलाजिस्ट की ड्यूटी लगाई गई है। अस्पताल जहॉ मरीज भर्ती है- शहरी प्राथमिक स्वा. केन्द्र बैकुण्ठधाम भिलाई में, बी. एम. शाह अस्पताल भिलाई इत्यादि। इनमें कुल 91 मरीज भर्ती हुए उनमें से अब तक 21 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं।

### डायरिया मरीजों को राहत देने स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर

**दुर्ग।** भिलाई शहर के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदापारा और न्यू संतोषीपारा केम्प क्षेत्र के आसपास डायरिया की स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम ने 60 ए.एन.एम.,11 सुपरवाईजर एवं 03 बीईटीओ, 25 मितानिनो की डयूटी लगाई गई है। प्रतिदिन ए.एन.एम. गृह भेंट दो पालियों ड्यूटी लगाई गई है।

---

#### कलेक्टर ने बोरेंदा और केसरा में किया निरीक्षण, हर ब्लाक में पांच फलोद्यान लगाने के दिये निर्देश

# मॉडल बाड़ियों पर काम शुरू, स्कूलों और आंगनबाड़ियों में होगी सप्लाई और घरों में पहुंचाए जाएंगे अंडे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए और लोगों को जैविक उत्पादों की सुलभ उपलब्धता के लिए माडल बाडियों पर काम करने के निर्देश दिये थे। इन माडल बाडियों में विशेषज्ञों द्वारा जमीन की जरूरत के मुताबिक सब्जी की फसल चिन्हांकित की गई है। इन माडल बाडियों में हो रहे कार्य का निरीक्षण करने आज कलेक्टर पाटन ब्लाक के बोरेंदा और केसरा पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद रहे।

केसरा में डेढ़ एकड़ में भिंडी की फसल लगाई जा रही थी। यहां उन्होंने अमरूद का प्लांटेशन भी देखा। कलेक्टर ने कहा कि पांच फलोद्यान हर ब्लाक में लगाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन बाडियों से उत्पादित होने वाली फल-सब्जी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में उपयोग में लाई जाए। साथ ही जैविक मार्ट के लिए भी सामग्री यहां से जाएगी। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू भी मौजूद रहे।



### बच्चों के सुपोषण के लिए अंडे और केले

कलेक्टर ने बोरेंदा में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बच्चों के पोषण के लिए अंडे और केले खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों का चिन्हांकन करें जहां अंडे का चलन हो। आंगनबाड़ी केंद्र में सिर्फ केले खिलाए जाएंगे। ऐसे परिवार जहां अंडे का चलन हो, उनके घरों में बच्चों के पोषण के लिए अंडे भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाडियों में आने वाले बच्चों के परिवारों से सर्वे कर यह जानकारी प्राप्त करें ताकि शीघ्रता से इस दिशा में काम आरंभ किया जा सके।

### रानीतराई का सैजेस देखा, फुल अटेंडेंस पर प्रशंसा की

कलेक्टर ने रानीतराई में स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण भी किया। यहां बारहवीं क्लास में वे पहुंचे। 44 दर्ज संख्या थी और 43 छात्र उपस्थित थे। कलेक्टर ने इस पर शिक्षकों की प्रशंसा की। इस दौरान केमेस्ट्री की क्लास चल रही थी। कलेक्टर ने एक रियेक्शन का समीकरण पूछा। बच्चों ने सही जवाब दिया, इस पर उन्होंने प्रशंसा जताई। कलेक्टर ने यहां की स्ट्रेंथ को देखते हुए अतिरिक्त फ्लोर का निर्माण करने के निर्देश भी दिये।

### रानीतराई स्टेडियम देखा, वेटलिफ्टिंग, कराटे जैसे गेम भी शामिल करने के निर्देश दिये

कलेक्टर ने रानीतराई का स्टेडियम देखा। स्टेडियम का काम अभी 60 प्रतिशत तक हो चुका है। इसके समयसीमा पर निर्माण के निर्देश कलेक्टर ने दिये। यहां पर इंडोर और आउटडोर दोनों तरह के गेम्स की व्यवस्था है। कलेक्टर ने यहां पर वेटलिफ्टिंग, कराटे और लान टेनिस आदि का इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही इनके संचालन के लिए और मेंटेनेंस के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।

### आजीविकामूलक गतिविधि

केसरा गौठान में आजीविकामूलक गतिविधियों भी कलेक्टर ने देखी। उन्होंने यहां मुर्गीपालन, मछलीपालन जैसी गतिविधियां देखीं। साथ ही दाल और तेल पेराई का काम भी देखा। उन्होंने यहां मुर्गी शेड की कैपेसिटी बढ़ाने भी निर्देश दिये। यहां ड्रैगन फ्रूट के पौधे भी लगाए गये हैं। इसके संवर्धन के संबंध में भी सुझाव उन्होंने दिये। कलेक्टर ने यहां निर्माणाधीन गोबर पेंट बनाने का यूनिट भी देखा। कलेक्टर ने यहां बढ़िया दूध देने वाली साहीवाल और गिर प्रजाति की गाय रखने भी निर्देश दिये ताकि समूह दुग्ध व्यवसाय की दिशा में बढ़ सकें।

### कौही लिफ्ट इरीगेशन का कार्य भी देखा

कलेक्टर ने कौही लिफ्ट इरीगेशन स्कीम का कार्य भी देखा। इस स्कीम के पूरा होने से आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था हो सकेगी। कलेक्टर ने इस कार्य को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।

---

# डायरिया के मरीजों में आ रही कमी आयुक्त रख रहे है सतत निगरानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वृंदा नगर, जेपी नगर, शारदा पारा और न्यू संतोषी पारा क्षेत्र में फैले डायरिया की रोकथाम के लिए निगम द्वारा जमीनी स्तर पर कार्यवाही लगातार की जा रही है। आयुक्त रोहित व्यास ने प्रभावित बस्तियों का भ्रमण कर कार्य में लगे हुए निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए है।**

प्रारंभिक तौर पर स्थल निरीक्षण पर यह बात सामने आई थी कि सुंदर नगर, जेपी नगर, आदर्श नगर, वृंदा नगर एवं संतोषी पारा में नालियों के समानांतर पेयजल की पाइप लाइन बिछी हुई है, जिसमें पानी के कम प्रेशर वाले क्षेत्र में रहवासी लोगों के द्वारा पाइपलाइन को बीच से क्षतिग्रस्त/पंचर करके पानी लिया जा रहा है, जिसके कारण पाइपलाइन लीकेज होने की वजह से पानी दूषित होने की संभावना निर्मित हो रही है। ऐसे सभी पाइप लाइन के लीकेज का सघन निरीक्षण निगम के द्वारा किया जाकर पाइपलाइन को ठीक कर दुरुस्त किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकरों की व्यवस्था की गई है इसके साथ ही 2000 लीटर की क्षमता के सिंटेक्स वाटर टैंक की त्वरित व्यवस्था कर प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। लोग शुद्ध पेयजल का उपयोग कर सकें इसके लिए 26500 क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया है और वितरण कार्य अभी भी जारी है। प्रभावित वार्ड क्षेत्रों में स्पॉट पर ही उल्टी, दस्त की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर प्रतिदिन लगाकर, अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर तथा निशुल्क दवाइयां देकर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। प्रभावित एवं समीपस्थ क्षेत्रों से पानी का सैंपल लेकर लैब में परीक्षण प्रतिदिन कराया जा रहा है और इसके रिपोर्ट के मुताबिक पेयजल का समाधान किया जा रहा है। निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों तथा समीपस्थ क्षेत्रों में उल्टी, दस्त के लक्षण और मरीजों की पहचान करने घर-घर सर्वे का काम एक बार पूर्ण कर चुकी है, दोबारा फिर से सघन सर्वे का काम किया जा रहा है।

---

# भारत जोड़ो यात्रा में विधायक देवेंद्र को मिली बड़ी जिम्मेदारी, यात्रा के दौरान करेंगे कोर्डिनेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पूरे देश भर में भारत जुड़े यात्रा कर रहे हैं कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो यात्रा की जा रही है एवं राहुल गांधी पैदल चलते हुए पूरे देश यात्रा में है इसी कड़ी में भारत जोड़ो यात्रा आगामी 5 दिसंबर को मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगी इस दौरान पूरे क्षेत्र के प्रोग्राम कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को सौंपी गई है।

भिलाई नगर विधायक इससे पहले में दो बार 3 दिन के लिए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो चुके हैं जब राहुल गांधी साउथ इंडिया में भारत जोड़ो यात्रा कर रहे थे तब भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव उनके साथ इस यात्रा में शामिल होंगे राहुल गांधी के साथ में उन्होंने कई किलोमीटर पैदल सफर किया।



राहुल गांधी के बेहद करीबी माने जाने वाले विधायक देवेंद्र यादव को राहुल गांधी और भारत जोड़ो यात्रा की टीम की तरफ से एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधायक यादव ने इस विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि 5 दिसंबर तक यात्रा मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर गुजरेगी। जिसमें राहुल गांधी के अग्रिम कार्यक्रमो की कार्ययोजना तैयार करने एवं सभा स्थल कोर्डिनेशन की जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है।

यह मेरे लिए बड़ी बात है। आज देश कई हिस्सों में बट रहा है। भाजपा के शासन में देश की एकता और संप्रभुता लोकतंत्र खतरे में आ गई आज भाजपा और केंद्र में बैठी मोदी सरकार सिर्फ और सिर्फ देश को हिंदू मुस्लिम के नजरिया से देख रहे हैं और इसी नजरिए से देश को बांट रहे। हमारा भारत देश एकता,भाईचारा, धर्मनिरपेक्ष का प्रतीक है। हमारा देश विश्व गुरु रहा है। हमारी संस्कृति सभ्यता वासुदेव कुटुंबकम वाला है सर्वधर्म सुखाय सर्व धर्म हिताय की भावना से चलने वाले है। हमारे देश के महात्मा हमेशा विश्व शांति का संदेश देते रहे है। लेकिन आज मोदी की सरकार ने देश के भीतर ही कलह पैदा कर दी है। आज धर्म के नाम पर नफरत फैलाई जा रही है। नफरत की आग को मिटाना और हिन्दू मुस्लिम के बीच की दीवार को तोड़कर भाई चारा को बढाने के लिए राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे है। इसमें मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यात्रा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि दरअसल एक दिन में दो पड़ावों से होकर गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सुबह 5.30 बजे दोपहर के पड़ाव के लिए निकलती है।

---

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा लौह अयस्क खदान समूह द्वारा सीएसआर विभाग के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ 24 नवम्बर, 2022 को महामाया खदान क्षेत्र में किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए षिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी के अतिरिक्त नि:षुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस षिविर में कुल 179 लोगों ने जांच करवाया। जिसमें 138 वयस्क व्यक्ति तथा 41 बच्चे शामिल थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा 21 गांवों में नियमित रूप से आयोजित किए जाने वाले नि:षुल्क स्वास्थ्य षिविर की कड़ी में अब दल्ली राजहरा लौह अयस्क खदान समूह के क्षेत्र में भी नि:षुल्क स्वास्थ्य षिविर प्रारंभ किया गया है। इसके तहत पहला षिविर 24 नवम्बर, 2022 को महामाया माइंस में आयोजित किया गया। इस षिविर से महामाया खदान के 7 गांव की जनता लाभान्वित हुई। इस षिविर में सामान्य जांच के साथ मुफ्त दवा का वितरण भी किया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:षुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देष्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

---

#### सूचना नहीं है साधना, साधना मैं नहीं होती सूचना

# श्रेष्ठ साधु व्यापारी बुद्धि का त्यागी होता - आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नेहरू नगर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के अमृत वचनों से ससंघ श्री 1008 जिनेंद्र भगवान के मंगल अभिषेक शांतिधारा भक्तों ने किया। आज परम पूज्य 108 आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के स्वर्ण कलश से पाद प्रक्षालन का सौभाग्य रवि संजीव कासलीवाल सुप्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी अरविंद जैन बी ई सी समूह, दानमल पोरवाल, प्रदीप जैन बाकलीवाल, मनीत जैन ,जितेंद्र जैन, डॉक्टर आरके जैन ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पण कर पाद प्रक्षालन करते हुए मां जिनवाणी शास्त्र अरविंद जैन ने भेंट किया ।**




जानकारी देते हुए अहिंसा प्रचारक प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि इनेहरू नगर जैन मंदिर में विराजमान परमपूज्य श्रमणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज संघ का तीन दिनी प्रवास चल रहा है। कलशारोहण व मूर्ति स्थापना के लिए यह प्रवास है। समाज को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा प्रत्येक प्राणी को उसको अपना स्वयं का दर्शक बनना होगा। अपने सुख दुख का अन्वेषण करना होगा स्वयं निर्णय करना होगा कि वह स्वयं में कर्ता है भर्ता है या हर्ता है।

उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ साधु व्यापारी बुद्धि का त्यागी होता है जिसकी व्यापारिक बुद्धि नहीं प्राप्त कर सकता वह सिद्धि में अग्नि तत्व भाव है जबकि व्यापार में कृतत्व भाव है। जब तक एक व्यापारी स्वयं प्रशंसा और दूसरों की हानि के शब्द नहीं सुन लेता तब तक उसे व्यापार की आय का आनंद नहीं आता। उन्होंने बताया कि संपूर्ण आध्यात्मिक जीवन भाव दशा पर निर्भर होता है भाव दशा कर्ता अपने की ओर जा रही है दूसरे की रक्षा की ओर जा रही है या अपनों की रक्षा की ओर जा रही है जो हर्ता हारता नहीं होते हुए डरता है वही व्यक्ति श्रेष्ठ है।

चिंतवन और वेदन में भेद करते हुए उन्होंने कहा कि इस वसुंधरा पर चिंतवन करने वाले बहुत है परंतु वेदन करने वाले न्यून है। वेश से वेदन का बोध नहीं होता, सूचना नहीं है साधना, साधना में नहीं होती सूचना। भोजनालय भोजन नहीं भोजन में भोजनालय नही होता। सूचना धर्म नहीं। धर्म के लिए सूचना है। सूचना वाहक रट्टू तोते होते हैं और जो वेतन करके बोलता है वही श्रेष्ठ वक्ता है। आचार्य श्री सहित 22 मुनियों की आगवानी कर नेहरू नगर समाज हर्षोउल्लासित हुई। इस अवसर पर भागचंद जैन संदीप जैन श्रीकांत जैन डॉक्टर उज्जवल पाटनी आरके जैन, डॉक्टर जिनेंद्र जैन सचिन जैन जैनमं बुक, रविंद्र सिंघई, ज्ञानचंद बाकलीवाल प्रशांत जैन अशोक पहाड़िया डॉ मनीष बाकलीवाल डॉक्टर जिनेंद्र जैन भारत जैन अजीत जैन आदि उपस्थित थे।

2 दिसंबर से 8 दिसंबर नसियाजी दुर्ग में होने जा रहे पंचकल्याणक व विश्व शांति महायज्ञ के अधिनायक बनने जाने के लिए यह विहार चल रहा है। आचार्य श्री जी ने संपूर्ण समाज को उनके विकास हुआ मन: शांति के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। आज नेहरू नगर मंदिर में शिखर शुद्धि के साथ मंगल ध्वजारोहण का सौभाग्य श्रीमती चेलना जैन मनीत प्रियंका जैन ने किया और नए प्रवचन हॉल का लोकार्पण आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी और नमोस्तु कर सत्संग आशीर्वाद से किए दोपहर में अभिव्यक्ति ग्रुप द्वारा मंगलाचरण एवं सैकड़ों इंद्र इंद्रानियों द्वारा याग मंडल विधान पूजन आचार्य श्री के मंगल आशीर्वाद के साथ किया गया . मंच संचालन महावीर पाटनी क्षितिज जैन ने किया ।

---

# लेटेस्ट इक्वीपमेंट से लैस होकर काम करेगी पुलिस रेंज स्तरीय वर्कशॉप में दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सीए बिल्डिंग सिविक सेंटर में डीजीपी अशोक जुनेजा व आईजी दुर्ग रेंज आनंद छाबड़ा के निर्देशन में एक दिवसीय रेंज स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचना अधिकारियों को लेटेस्ट इक्वीपमेंट की जानकारी दी गई। यानी अब पुलिस अत्याधुनिक उपकरणों से क्राइम केस की इन्वेस्टिगेशन करेगी। कार्यशाला की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉक्टर अभिषेक पल्लव ने पुलिस अधिकारियों को सीन ऑफ क्राइम कैसे साक्ष्य एकत्र करना है, कैसे फिजिकल एविडेंस लेना है कैसे बायोलॉजिकल एविडेंस लेना है, कहां ट्रैक करना है, कैसे कोर्ट ऑफ़लॉ प्रस्तुत करना है, एक्सप्लोसिव ,नारकोटिक साक्ष्य के समय किन बातों का ध्यान रखना है आदि की जानकारी दी।




कार्यशाला में डॉक्टर टीएल चंद्रा संयुक्त संचालक रायपुर, डॉ मोहन पटेल वैज्ञानिक अधिकारी दुर्ग रेंज, डॉ संचाली पाध्ये, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रायपुर, डॉ संदीप वैष्णव वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रायपुर के द्वारा मुख्य रूप से रेंज स्तरीय कार्यशाला एविडेंस कलेक्शन के वैज्ञानिक तरीके को एकत्र करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के माध्यम से अपराध होने पर तैयार, थाने स्तर पर टीम तैयार कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने हेतु पुलिस के त्वरित कार्यवाही दिखेगी, जिससे अपराधियों को कोर्ट के माध्यम से सजा भी मिल पाएगी।

कार्यशाला के द्वितीय चरण में डॉक्टर टीएल चंद्रा संयुक्त संचालक प्रशासन एवं एमओसी के द्वारा विविध प्रकार के अपराध एवं अनुसंधान घटना स्थल निरीक्षण करने की विधि एवं भौतिक एविडेंस का संकलन एवं एविडेंस कलेक्शन किट के बारे में विस्तार से विवेचना अधिकारियों को बताया गया। तत्पश्चात डॉक्टर मोहन पटेल वैज्ञानिक अधिकारी दुर्ग संभाग के द्वारा भौतिक साक्ष्य एकत्र करने के समय बरतने वाली सावधानियां एवं पैकेजिंग, डायरी में कैटलॉग, डीएनए एग्जामिनेशन एवं कलेक्शन, एक्सप्लोसिव एवं नारकोटिक मामलों में साक्षी का एकत्र करना व पुलिस अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाने वाली किट के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं उसका एक डेमो भी दिया गया। कार्यशाला के तृतीय चरण में डॉक्टर संचाली पाध्ये वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी रायपुर के द्वारा रोल ऑफ फॉरेंसिक साइंस सेक्सुअल एसॉल्ट केस एवं इंट्रोडक्शन और इंपॉर्टेंस ऑफ डीएनए इश्वष्ट्य किट के प्रैक्टिकल डेमोंसट्रेशन के बारे में चर्चा की गई, तत्पश्चात कार्यशाला के चौथे चरण में रायपुर से आए हुए वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ संदीप वैष्णव के द्वारा विष, रसायन एवं नारकोटिस से संबंधित साक्ष्यों के संकलन में आप कौन बातों में प्रकाश डालकर फीडबैक लिया गया। कार्यशाला में आए दुर्ग रेंज के समस्त थानों के विवेचना अधिकारियों को एविडेंस कलेक्शन के वैज्ञानिक तरीके से एकत्र करने वाले एविडेंस कलेक्शन किट जिसमें लेजर डिस्टेंस यूनिट, लेजर लाइट पेन, डायरेक्शन कंपास, यूवी लाइट फिंगरप्रिंट किट, फोल्डिंग स्केल, रिजिठ फोटो टाइप, नाइफ, ग्लास कटर, मैगनेट पेंन टाइप, फाइल, ग्लब्स , ब्लड आइडेंटिफिकेशन स्ट्रिप, कटर, स्क्रुड्राइवर, शू कवर, एविडेंस बैग, सैंपल कंटेनर एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरण दिए गए। रेंज स्तरीय कार्यशाला में दुर्ग रेंज के जिला दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, बालोद, बेमेतरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक, विवेचना अधिकारी स्तर के 100 से अधिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950